वैशाख शुक्ल पक्ष दशमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 309 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

07 मई 2025 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

30 अधिकतम

22 न्यूनतम



Page-7



## भारतीय सेना की एयरस्ट्राइक से पाक के तेवर ढीले, बोला- भारत रुक गया तो हम भी रुक जाएंगे

# 25 मिनट का ऑपरेशन पाकिस्तान को मिला करारा सबक, अब अगले 24 घंटे बेहद अहम



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आखिरकार भारतीय सेना ने चौदह दिन पहले हुए पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया। भारत की तीनों सेनाओं ने महज 25 मिनट में पूरा ऑपरेशन चलाया और पाकिस्तान में आतंक के अड्डों की कमर तोड़ दी है। इसी के साथ पाकिस्तान को भारतीय तेवरों का सख्त संदेश भी दे दिया गया है। अब अगले 24 घंटे बहुत महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का करारा जवाब देने के लिए सीमा पर हर स्तर पर चौकसी है। भारत की इस एयर स्ट्राइक को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक्ट ऑफ वार करार दिया है। वहीं पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हिफाजत कर सकता है लेकिन भारत रुक जाता है तो हम भी रुक जाएंगे। उल्लेखनीय है कि बीती रात करीब एक बजे वायुसेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 स्थानों पर सटीक हमला किया है और करीब सौ आतंकियों के मारे जाने व उनके अड्डों के तबाह करने की सूचना हैं। इस प्रतीक्षित एयरस्ट्राइक के बाद की कुछ तस्वीरें भी सामने आ गई है। जिसमें दिख रहा है कि कैसे भारत की एयर स्ट्राइक में आतंकी ठिकाने तबाह हो गए हैं। पंजाब प्रांत के मुरीदके और मुजफ्फराबाद से सुबह की तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। मुरीदके में भारतीय हवाई हमले के बाद स्थिति गंभीर नजर आ रही है। वहां अस्पताल के बाहर एंबुलेंस तैनात हैं। भारत ने हवाई हमले के दौरान मुरीदके में आतंकवादी संगठन का मुख्यालय निशाना बनाया। यह हमला आतंकवादियों के ठिकानों को खत्म करने के लिए किया गया, जिनकी गतिविधियों का पाकिस्तान से जुड़ा हुआ था। पाक में सडकों पर पुलिस और आर्मी नजर आ रही है। मुजफ्फराबाद में भी भारतीय हमले के बाद बड़ी तबाही देखी गई, जहां मस्जिद को नुकसान हुआ है। इस मस्जिद का उपयोग आतंकवादियों द्वारा बैठकें आयोजित करने के लिए किया जाता था। इसके बाद से पाकिस्तान द्वारा एलओसी पर लगातार गोलीबारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक भारत ने सिर्फ आतंकी कैंपों को तबाह किया है। आतंक के जिन नौ ठिकानों को वायुसेना ने निशाना बनाया उनमें - बहावलपुर, मुरीदके, गुलपुर, भिंबर, चाक अमरू, बाग, कोटली, सियालकोट और मुजफ्फराबाद शामिल है। बहावलपुर में प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वार्टर और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया गया।आज इस एयरस्ट्राइक की प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। देश के इतिहास में पहली बार सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयरफोर्स और आर्मी से एक मुस्लिम और एक हिंदू महिला अफसर मौजूद रहीं। आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई के बारे में बताया कि हमनें पाकिस्तानी सेना और आम लोगों को निशाना नहीं बनाया। ऑपरेशन सिंदूर देर रात 1 बजकर 5 मिनट से 1 बजकर 30 मिनट तक चलाया गया। 1971 में पाकिस्तान पर हमले के बाद यह पहली बार है, जब तीनों सेनाओं ने एक बार फिर 54 साल बाद आतंकी ठिकानों पर संयुक्त रूप से कार्रवाई की है। इसमें आर्मी, नेवी और एयरफोर्स शामिल हैं।




साभार

### इजराइल शैली में हमले से सकते में पाकिस्तान

■ माना जा रहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने अपनी सैन्य रणनीति को लगातार मंथन से और आक्रामक बनाया है। पूरी तैयारी के साथ भारत ने पाकिस्तान तथा पीओके में आतंकी ठिकानों पर ऐसे सटीक मिसाइल हमले किए कि पाक को संभलने का वक्त तक नहीं मिला। हमलों की तुलना इजरायल की सैन्य रणनीति से की जा रही है, जिसमें पहले टारगेट को लॉक किया जाता है, फिर अचूक मिसाइलों से तबाही मचाई जाती है। भारत की रणनीति इजरायल की 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 'प्रीसिशन स्ट्राइक' शैली से प्रेरित भी कहीं जा रही है। इजरायल अक्सर फिलिस्तीन, लेबनान या सीरिया में आतंकी ठिकानों पर बिना बड़े पैमाने पर युद्ध छेड़े ही सटीक हमले करता है।

## भारतीय सेना ने बताई पूरी कहानी, पाक ने युध्द से पहले घुटने टेके

### आज मप्र समेत देशभर में मॉक ड्रिल

■ देशभर समेत मध्यप्रदेश के भी 5 शहरों- भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर और कटनी में आज मॉक ड्रिल होगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश के सभी राज्यों में होने वाली मॉक ड्रिल के लिए एमपी के इन 5 शहरों को चुना गया है। यह शाम 4 से रात 8 तक होगी, भोपाल में शाम 7:30 से 7:45 तक ब्लैकआउट भी होगा। मॉक ड्रिल से पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संबंधित जिलों के संभागायुक्त, पुलिस कमिश्नर, कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। इन शहरों में होमगार्ड, एनडीआरएफ, एसडीईआरएफ और पुलिस के जवान मॉक ड्रिल करेंगे। शाम 4 बजे से सायरन के जरिए खतरे की सूचना, ब्लैक आउट, प्रमुख सरकारी और गैर सरकारी इमारतों को सुरक्षित रखने, दुर्घटना की स्थिति में घायलों को सुरक्षित निकालने जैसी गतिविधियों की ड्रिल की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान माहौल को देखते हुए आज भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में मॉक ड्रिल होने वाली है।

### पहलगाम पीड़ितों के नाम एयरस्ट्राइक

■ भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के बाद की गई और इसका नाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस डॉयरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर को पूरी रात मॉनिटर करते रहे।

### मसूद का कुनबा उजड़ा तो बोला मैं भी मर जाता तो अच्छा होता

■ आतंकवाद के खिलाफ इस सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान के टॉप आतंकी मसूद अजहर का कुनबा उजड़ गया है। एयरस्ट्राइक में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए हैं। जबकि उसके चार गुर्गे भी ढेर हो गए। बहावलपुर में भारत की एयरस्ट्राइक के बाद जैश-ए-मोहम्मद ने बयान जारी कर इस घटना की पुष्टि की है, अजहर के परिवार के सदस्यों और करीबियों को आज ही दफ्नाया जाएगा। आतंकी संगठन ने कहा कि मौलाना मसूद अजहर की बड़ी बहन और मौलाना कशफ का पूरा परिवार, मुफ्ती अब्दुल रउफ के पोते-पोतियां इस हमले में मारे गए जबकि कई परिवार के सदस्य घायल हो गए। अजहर ने कहा है कि हमले में मै भी मर जाता तो अच्छा था।



### अब उन चारों को भी मारो : जेनिफर

इंदौर। पाकिस्तान पर भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक पर इंदौर की जेनिफर नथानियल ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा- पहलगाम हमले के चार आतंकवादियों को भी मारना चाहिए। उन आतंकियों के चेहरे पर खौफ आना चाहिए। जेनिफर पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले सुशील नथानियल की पत्नी हैं। सुशील आलीराजपुर स्थित एलआईसी की सैटेलाइट शाखा में पदस्थ थे। वे 21 वर्षीय बेटे ऑस्टिन गोल्डी, 30 वर्षीय बेटी आकांक्षा और पत्नी जेनिफर के साथ 18 अप्रैल को कश्मीर गए थे। पहलगाम की बैसारन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर फायरिंग की, जिसमें 27 लोगों की मौत हो गई। इनमें सुशील भी शामिल थे। बेटी आकांक्षा घायल हो गई थीं।

### सेना ने दे दिया था संकेत!

■ पाकिस्तान को यह अंदेशा जरूर था कि भारत चुप नहीं बैठेगा. पहलगाम जैसे भीषण आतंकी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक की आशंका उसने जताई भी थी, लेकिन भारत कब, कहां और किस पैमाने पर जवाब देगा, इसका अंदाजा लगाना उसके लिए बेहद मुश्किल साबित हुआ। जबकि ऑपरेशन सिंदूर से चंद घंटे पहले भारतीय सेना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर अपने इरादों का संकेत दे दिया था। वीडियो में टैंकों से फायरिंग, लड़ाकू विमानों से मिसाइल लॉन्च और सैनिकों के युद्धाभ्यास के दृश्य थे। सेना ने इसके साथ संस्कृत में संदेश लिखा – प्रहाराय सन्निहिता:, जयाय प्रशिक्षिता: – यानी हम हमला करने के लिए तैयार हैं, और जीतने के लिए प्रशिक्षित हैं।




### सेना-सरकार ने कहा, भारत ने अपने अधिकार का उपयोग किया

**भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय आज सुबह ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रेस ब्रीफिंग की। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि पहलगाम पर हमला कायराना था। यह शांति भंग करने व सांप्रदायिक दंगे भड़काने की कोशिश थी। जांच से पाकिस्तान के आतंकवादियों से संबंध उजागर हुए हैं। पाकिस्तान दुनियाभर आतंकवादियों के लिए शरणस्थल है। मिस्री ने कहा कि हमारी खुफिया निगारनी ने संकेत दिया था कि भारत के खिलाफ आगे भी हमला हो सकता है। इन्हें रोकना और इनसे निपटना बेहद जरूरी समझा गया। लिहाजा भारत ने सीमापार हमलों का जवाब देने और रोकने के लिए अपने अधिकार का प्रयोग किया है। ये कार्रवाई बेहद नपी-तुली, गैर-उकसावे वाली, आनुपातिक और जिम्मेदारी पूर्ण है। ये आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने और भारत में भेजे जाने वाले संभावित आतंकियों को अक्षम बनाने पर केंद्रित है।**

> **'यह एक्शन नपा तुला, सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया'**

**इस मौके पर कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए चला। इसमें नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया। तीन दशकों में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फैक्ट्रियां खड़ी कर दी हैं। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पुख्ता इंटेलिजेंस इनपुट के बाद ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया था। मुजफ्फराबाद मे लश्कर के ट्रेनिंग सेंटर में ही आतंकियों ने प्रशिक्षण लिया था। आतंकियों की रीढ़ तोड़ने की कार्रवाई की गई. बरनाला कैंप भी ध्वस्त किया गया, सियालकोट में महमूना कैंप को भी नष्ट किया गया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि बहावलपुर का मरकज सुभान अल्लाह इंटरनेशनल बॉर्डर से 100 किलोमीटर दूर है। यह जैश-ए-मोहम्मद का हेडक्वार्टर था। उन्होंने कहा कि हमले में सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया है और अभी तक किसी भी नागरिक क्षति की रिपोर्ट नहीं है।**

## अब उज्जैन में लव जिहाद के आरोपी का शार्ट एनकाउंटर

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी भोपाल के बाद अब उज्जैन में भी लव जिहाद का मामला सामने आया है। इस मामले के आरोपी फरमान मंसूरी को वीडियो के आधार पर ग्रामीणों ने एक अन्य लड़के के साथ दबोच लिया। उज्जैन लाते वक्त फरमान ने पुलिस से रायफल छीनकर भागने की कोशिश की। शॉर्ट एनकाउंटर में उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे उज्जैन जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि शहर से 35 किलोमीटर दूर बिछड़ोद में हिंदू लड़कियों को टारगेट कर अश्लील फोटो-वीडियो बनाए गए। इन्हें वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया गया। अब तक 4 पीड़ित लड़कियों का पता चला है। इनमें 2 नाबालिगों में से एक को ईद के दिन जबरन गले लगाकर फोटो-वीडियो बनाए गए। फिर उन्हें वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया गया। मामला तब उजागर हुआ, जब एक लड़की का अश्लील वीडियो गांव में वायरल हो गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी फरमान ने रात में सीने में दर्द का बहाना बनाया था। जिस पर पुलिस इलाज के लिए उसे उज्जैन ला रही थी। इसी दौरान निपानिया के पास आरोपी ने भागने का प्रयास किया। पेशाब जाने के बहाने आरक्षक से राइफल छीनकर पुलिस पर दो फायर किए।



## उज्जैन : महाकाल मंदिर में बांटी मिठाई

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो।**

भारत की पाक पर एयर स्ट्राइक पर मध्यप्रदेश में भी खुशी का माहौल है। उज्जैन के महाकाल मंदिर में भक्तों और पुजारी-पंडों ने मिठाई बांटी। भगवान महाकाल से देश की एकता-अखंडता की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भारत का ये कदम आतंकियों का समर्थन करने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाएगा। सांसद अनिल फिरोजिया के घर पर मिठाई बांटी गई। जमकर डांस भी किया। उधर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्वालियर के महाराज बाड़ा पर मुस्लिम समुदाय ने खुशी जताई। उन्होंने पाकिस्तान को सही सबक सिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।



## पाक से सटे भारतीय शहरों में फ्लाइट ऑपरेशन बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद भारत ने 7 राज्यों के 11 एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद कर दिए हैं। श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर में उड़ानें रोकी गई हैं। यह एयरपोर्ट्स पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। देश में कई महत्वपूर्ण संस्थानों और संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एअर इंडिया ने 9 शहरों के लिए लिए सभी उड़ानें 10 मई की सुबह 05-29 बजे तक रद्द कर दी है। ये शहर हैं- जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट। देशभर में इंडिगो एयरलाइंस की 160 डोमेस्टिक फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट भी पर अलग-अलग एयरलाइंस की 20 फ्लाइट्स कैंसिल हुई है।



**आज भी आंधी पानी :** इधर देशभर में बिगडे मौसम के चलते अभी कुछ दिन और ओले-बारिश और आंधी का सिस्टम एक्टिव रहेगा। मप्र में भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में तेज आंधी चलेगी, जबकि इंदौर में बारिश हो सकती है।

## यादव बोले-यह 56 इंची सीने का सामर्थ्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज सेना की पाकिस्तान पर एयरस्टाइक पर कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह होता है । हमारी सेना भी जगत जननी मां जगदंबा नवदुर्गा के समान शक्ति संपन्न है, जो दुश्मनों से निपटने में सक्षम है। पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है, पूरा देश गौरांवित है व आनंद में है। ऑपरेशन सिंदूर नाम से ही स्पष्ट है, सिंदूर पर हाथ लगाने वाले- गलत निगाह दौड़ने वाले को भारतीय सेना ने जवाब दिया है। मोदी ने कहा भी था कि हर वह स्थान और हर वह व्यक्ति जो भारत की तरफ गलत निगाह से दिखेगा उसे मिट्टी में मिला देंगे। यह परिणाम सबने देखा है। यह 56 इंच के सीने के सामर्थय को दर्शाती घटना है । यादव ने कहा कि हम सब प्रधानमंत्री के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। राज्य सरकार हर कदम के साथ है।



### प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में शहर के विकास कार्यों की बैठक में उभरी नाराजगी

# मेट्रो के बेतरतीब प्लान पर भड़के राजधानी के विधायक, अफसरों को सुनाई खरी खोटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में विकास कार्य के दौरान बरती जा रही लापरवाही और लोगों की परेशानी को लेकर स्थानीयअफसरों के खिलाफ प्रभारी मंत्री से लेकर विधायक तक ने खासी नाराजगी व्यक्त की है। दरअसल, नगरीय विकास संचालनालय में सभी नेताओं को 'सिटी मोबिलिटी प्लान' (सीएमपी) का प्रेजेंटेशन दिखाने के लिए बुलाया गया था, लेकिन शुरुआत में विधायक मेट्रो रेल और ब्रिज के काम को लेकर भड़क गए। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि भदभदा और रत्नागिरी में मेट्रो का काम शुरू हो गया, लेकिन इसकी जानकारी ही नहीं दी गई। इस पर विधायक रामेश्वर शर्मा और आरिफ मसूद ने भी इन बातों का समर्थन कर दिया। प्रभारी



मंत्री व एमएसएमई मंत्री चेतन कश्यप ने सीएमपी बनाने वाली कंपनी से कहा कि आपने दो घंटे पहले प्लान दिया। वह भी सतही है। मुख्यमंत्री के निर्देश थे कि काम शुरू करने से पहले जनप्रतिनिधियों की राय लेनी चाहिए। ऐसे प्लान पर कैसे राय देंगे। रामेश्वर ने कहा कि बैरागढ़ का डबल-डेकर ब्रिज शुरू होने के बाद बताया गया। बाकी विधायकों ने भी कहा कि भदभदा और रत्नागिरी में पिलर खड़े हो रहे हैं। जबकि इन जगहों पर भी डबल डेकर पर विचार होना चाहिए। यानी पिलर्स पर सड़क मार्ग के साथ मेट्रो चले। मेट्रो को रिवाइज प्लान बनाना चाहिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि रिवाइज इस्टीमेट बनाइए। इसे केंद्र को भेजकर मंजूरी लीजिए। अभी यह काम रोकना चाहिए। इस बैठक में महापौर मालती राय भी मौजूद रहीं। मंत्री विश्वास सारंग और मंत्री कृष्णा गौर नहीं पहुंचे। कृष्णा गौर वक्फ से जुड़ी मुख्यमंत्री की बैठक में चलीं गईं। बताया जाता है कि कंपनी ने प्रभारी मंत्री को प्रेजेंटेशन की कलर प्रिंट वाली कॉपी दी, जबकि विधायकों को ब्लैक एंड व्हाइट दी। इस पर आरिफ मसूद ने चुटकी ली कि उन्हें तो सब कुछ काला दिख रहा है।

विधायक शर्मा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी में एक सेक्शन के चीफ इंजीनियर मौजूद हैं, लेकिन बैरागढ़ डबल-डेकर ब्रिज सेक्शन के चीफ इंजीनियर ने अपने एसडीओ को भेज दिया। यह सही तरीका गलत है। कलेक्टर भी मॉक ड्रिल से संबंधित बैठक में चले गए। इसी तरह प्रभारी मंत्री चेतन कश्यप ने कहा कि एजेंसी को पहले उनके क्षेत्र के विधायकों को बताना चाहिए कि क्या काम होने वाला है। मेट्रो वालों को कहा गया है कि वे 10 दिन में सारा प्लान बताएं। जरूरी सुझावों को शामिल करें। सीएमपी के लिए भी यही तय हुआ था। कंपनी ने प्रेजेंटेशन ही कुछ समय पहले दिया।

# हमीदिया अस्पताल में निराश्रित मरीजों की हो रही फजीहत

## भर्ती करने को तैयार नहीं होता स्टाफ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर के सबसे बडे हमीदिया अस्पताल में लावारिस और निराश्रित मरीजों को इलाज में परेशानी जारी ही है जबकि इसको ध्यान में रखते हुए ऐसे मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाने को कहा गया था। बावजूदन अब तक ऐसा कोई वार्ड नहीं बनाया गया। आलम यह है कि किसी लावारिस और निराश्रित मरीज को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराना हो तो इमरजेंसी एंबुलेंस 108 वाले मरीज को ले जाने को तैयार नहीं होते हैं। इसकी वजह हमीदिया अस्पताल में ऐसे मरीजों को भर्ती न करना है। खबरों के मुताबिक लावारिस और निराश्रित मरीजों के लिए अस्पताल की इमरजेंसी में दो बेड आरक्षित किए गए हैं। ऐसे में यहां एक वक्त में दो से ज्यादा मरीजों को रखा नहीं जा सकता है।

बताया जाता है कि सामाजिक न्याय विभाग की ओर से 13 जनवरी को हमीदिया अस्पताल को पत्र लिखा गया था। लेकिन अब तक इस दिशा में कोई काम नहीं हुआ है। ऐसे मरीजों की देखभाल के लिए अस्पताल में विभाग की ओर से 12 सोशल वर्कर तैनात किए गए हैं। सरकार इनकी सैलरी पर हर महीने लाखों रुपए खर्च करती है। लेकिन इनकी जहां-तहां ड्यूटी पर लगा दी जाती है।

कहा जाता है कि हाल में भोपाल टॉकीज ब्रिज के पास एक बुजुर्ग को बस ने टक्कर मार दी तो उनके हाथ और पैर में चोट लगी। सोशल वर्कर बुजुर्ग को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे और इमरजेंसी में उनका इलाज किया गया। अभी तक बुजुर्ग चलने-फिरने की स्थिति में नहीं हैं। बावजूद अस्पताल स्टाफ की ओर से सोशल वर्कर को कहा जा रहा है कि आप इन्हें लेकर जाएं। इसी तरह एक् बुजुर्ग को भी भर्ती करने में काफी हीलाहवाली हुई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस




का ईएमटी मरीज को हमीदिया अस्पताल ले जाने को तैयार नहीं था। उसका कहना था कि हमीदिया अस्पताल वाले लावारिस मरीजों को भर्ती नहीं करते हैं। पुलिस के दखल के बाद एंबुलेंस मरीज को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंची। तब भी मरीज को भर्ती नहीं किया जा रहा था। ऐसे में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना के बाद भर्ती किया गया।

# दसवीं-बारहवीं के 5.6 लाख विद्यार्थियों को मिलेगा एक और मौका, आज से आवेदन शुरू


## दसवीं में 212 और बारहवीं के विभिन्न विषयों में 159 विद्यार्थियों को मिला मेरिट में स्थान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार दसवीं में 212 और बारहवीं के विभिन्न विषयों में 159 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है। वहीं इस वर्ष दोनों कक्षाओं में किसी भी छात्र का परीक्षा फल पूरक घोषित नहीं किया गया है। दसवीं में 1 लाख 91 हजार 354 और 93 हजार 511 प्राइवेट विद्यार्थी फेल हुए हैं। वहीं कक्षा बारहवीं में 1 लाख 53 हजार 144 नियमित एवं 68 हजार 695 प्राइवेट विद्यार्थी फेल हुए हैं। इस प्रकार प्रदेशभर में दोनों कक्षाओं के 5 लाख 6 हजार 704 विद्यार्थी फेल हुए है। हालांकि इन विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। माशिमं द्वारा इन्हे द्वितीय अवसर की परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। दोनों कक्षाओं के विद्यार्थी 7 मई से आवेदन कर सकेंगे। यह आवेदन 21 मई तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अंतिम तिथि रात 12 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। जून-जुलाई में परीक्षा का आयोजन होगा।

### भोपाल को 10वीं में 3 नंबर की बढ़त, 12वीं में पिछड़ा

परीक्षा परिणाम में जिलों के मुकाबले इस बार भोपाल जिले की स्थिति ठीक नहीं रही है। जहां बीते साल भोपाल दसवीं में 39वें और 12वीं में 22वें स्थान पर था, वहीं इस बार 10वीं में 3 नंबर की बढ़त के साथ 12वीं में 11 नंबर से पिछड़ गया है। इस साल 10वीं में भोपाल जिले का 36वां और 12वीं में 33वां स्थान रहा है। दसवीं में इस बार भोपाल के नियमित विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 73.28 और बारहवीं में 73.87 प्रतिशत रहा है।



### इस साल 9.99 से 18.12 फीसदी तक की बढ़त

बीते साल के मुकाबले इन परिणामों में इस बार बेहतर सुधार हुआ है। कक्षा दसवीं में 2024 में 58.10 प्रतिशत परिणाम था, वहीं 2025 में 18.12 की बढ़त के साथ यह परिणाम 76.22 रहा है। वहीं कक्षा बारहवीं में 2024 में 64.49 प्रतिशत परिणाम था, जिसमें 9.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2025 में यह 74.48 रहा है।

### सरकारी स्कूलों ने निजी स्कूलों को किया पीछे

निजी और सरकारी संस्थानों के मुकाबले इस बार सरकारी स्कूलों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। बीते साल जहां निजी स्कूल आगे थे, तो वहीं इस बार सरकारी स्कूलों ने बढ़त बनाई है। दसवीं में जहां बीते साल सरकारी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 56.32 और निजी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 60.95 था, वहीं इस बार सरकारी स्कूलों का 77.59 प्रतिशत और निजी स्कूलों का परिणाम 74.2 प्रतिशत रहा है। कक्षा 12वीं में पिछले साल जहां सरकारी स्कूल का प्रतिशत 63.27 और निजी का 66.27 था, वहीं इस बार सरकारी स्कूल का प्रतिशत 72.47 और निजी का 74.48 फीसदी रहा है।

**कलेक्टर ने दी विद्यार्थियों को बधाई:** कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने कहा, जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं और 12वीं में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, उन्हें हमारी ओर से ढेरों शुभकामनाएं। वह अपने जीवन में आगे ब? और अगर कोई आशा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाया है, तो निराश होने की जरूरत नहीं है। जीवन कहीं से खत्म नहीं होता है। आप सभी बच्चे और मेहनत करें और अगले साल श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करें।

# प्रयोगात्मक कार्यक्रम छात्रों की प्रतिभा निखारते हैं: कुलगुरु

### एमसीयू इनोवेटिव पैकेज री-डिजाइन प्रतियोगिता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में इनोवेटिव पैकेज री-डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने मौजूदा उत्पादों की पैकेजिंग को रचनात्मकता, मौलिकता, सौंदर्य अपील, ब्रांड प्रबंधन और शेल्फ इम्पैक्ट जैसे मानदंडों के आधार पर नए रूप में प्रस्तुत किया। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, विभागाध्यक्ष डॉ. पी. शशिकला एवं कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि ऐसे प्रयोगात्मक कार्यक्रम छात्रों की प्रतिभा को निखारते हैं और उन्हें इंडस्ट्री के लिए तैयार करते हैं । उन्होंने छात्रों और संकाय सदस्यों की सराहना करते हुए इस प्रयास को भविष्य के लिए प्रेरणादायक बताया और ऐसे आयोजनों पर गर्व जताया। विभागाध्यक्ष डॉ. पी.शशिकला ने छात्रों की मौलिक सोच की प्रशंसा की और भविष्य में इस तरह के रचनात्मक आयोजनों को और बढ़ावा देने की बात कही। कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी ने भी छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ना समय की मांग है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न उपभोक्ता उत्पादों की पैकेजिंग को नए तरीके से डिजाइन कर अपनी कल्पनाशीलता और व्यावसायिक समझ का परिचय दिया। प्रदर्शित डिजाइनों ने न केवल सौंदर्यात्मक दृष्टि से आकर्षण पैदा किया बल्कि उनमें बाजार की समझ और उपभोक्ता अनुकूल सोच भी स्पष्ट रूप से झलकी।

# बीयू में रैगिंग, मानव अधिकार आयोग ने दिए जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में सामने आए रैगिंग के मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, बीयू में इंजीनियरिंग पढ़ने वाले सीनियर स्टूडेंट द्वारा जूनियर स्टूडेंट्स को हॉस्टल में बुलाकर उन्हें कपड़े उतरवाकर उनके साथ रैगिंग और मारपीट करने की घटना सामने आई है। सीनियर स्टूडेंट द्वारा जूनियर स्टूडेंट्स को हॉस्टल में बुलाकर जबरन उन्हें कपड़े उतरवाने के लिये कहा जाता है और ऐसा नहीं करने पर उनके साथ मारपीट की जाती है। साथ ही उन्हें अमानक पदार्थ पीने के लिये मजबूर किया जाता है। इस कारण जूनियर स्टूडेंट को मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# भारती जनियानी यंग सिस्टम लीडर्स अवार्ड से सम्मानित

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की वरिष्ठ प्रबंधक भारती जनियानी को हाल ही में काठमांडू, नेपाल में ंग सिस्टम लीडर्स अवार्ड - 2025 से सम्मानित किया गया। सुश्री भारती को यह पुरस्कार नेत्र सुरक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक नेत्र चिकित्सा सेवाओं के लिए उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने के लिए दिया गया है। यह पुरस्कार उन्हें इंटरनेशनल एजेंसी फॉर प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस, यूके, लंदन द्वारा प्रदान किया गया। काठमांडू में अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में लैंगिक समानता पर अपने विचार रखते हुए, सुश्री भारती ने वैश्विक समुदायों में महिलाओं की सशक्त भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी के लिए नेत्र स्वास्थ्य में स्थायी और सार्थक परिवर्तन लाने के लिए सभी क्षेत्रों की महिलाओं को आगे आना चाहिए।



# डॉ. शांता बेलानी को नवीन शोध के लिए पेटेंट मिला

**हिरदाराम नगर.** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल को रसायन विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. शांता बेलानी को उनके अनुसंधान कार्य, बर्लेरिया प्रियोनाइटिस के पत्तों से बेंजब्रोमारोन और सर्सिमारिटिन यौगिकों के मूत्रवर्धक गुण तथा निष्कर्षण की विधि पर पेटेंट मिला है। उनका शोध बर्लेरिया प्रियोनाइटिस नामक एक पारंपरिक औषधीय पौधे से शक्तिशाली मूत्र वर्धक यौगिकों की पहचान और निष्कर्षण पर केंद्रित है। डॉ. बेलानी ने कहा, यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं है, बल्कि संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल द्वारा प्रदान किए उत्साहजनक और प्रेरक शैक्षणिक वातावरण का भी प्रमाण है।



## मेट्रो एंकर

### एमपी बोर्ड परीक्षा : 90 प्रतिशत के ऊपर अंक लाए कई बच्चे, स्कूल संचालकों ने दी बधाई

# संतनगर के अधिकांश विद्यालयों का 100 फीसदी नतीजा

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं 12 वीं व 10 वीं में संत हिरदाराम नगर व गांधीनगर के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। अधिकांश विद्यालयों को परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।

**साधु वासवानी स्कूल:** विद्यालय का एमपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। 12वीं में वार्णिज्य संकाय में मेद्या सेन ने (92.4%) प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 10वीं में भावेश वंजानी ने (97%) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय से 12वीं में कुल 77 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 54 ने प्रथम श्रेणी, 13 ने द्वितीय श्रेणी और 10 ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की। 10वीं कक्षा में 128 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 94 ने प्रथम श्रेणी, 23 ने द्वितीय श्रेणी और 11 ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की।


**आनंदराम टी. शाहानी विद्यालय:** विद्यालय का एमपी बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में 100% परिणाम रहा है। 12वीं में वाणिज्य संकाय में कोमल नागदेव (95%), पायल गिदवानी (92.2%), अंशु फूलवानी (86त्न) अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में अंजना बंसल (82%), अदिति मीना (81%) अंक प्राप्त किए। कला संकाय में भावना मीणा (74.4%) प्राप्त किए हैं। 10 वीं में कनक मालवीय (90%), सुहानी अहिरवार (87.8%), सनोवर खान (84.6%) अंक प्राप्त किए हैं।

**किशनचंद टी. शाहानी विद्यालय:** 10वीं के रोहित तोतलानी ने (92%) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुराग साहू ने (88%)अंक प्राप्त कर द्वितीय और दीपक अहिरवार ने 81% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं में वंश सिंह ने विज्ञान संकाय में (90%) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, और हर्ष शर्मा ने वाणिज्य संकाय में (82%) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**संस्कार विद्यालय:** 10वीं कक्षा के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में काजल नागर (97%), आयुष होतवानी (95.2%) और नीलम मेहर (95%) शामिल हैं। 12वीं कक्षा में, वाणिज्य संकाय में नम्रता मेघानी (95.4%), लकी चौधरी (93.4%) और सागर परयानी (93%) ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि विज्ञान संकाय में समीक्षा नागर (90.2%), आकृति शर्मा (89.4%) और जान्हवी नंदवानी (88%) ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।











### एलवीएस स्कूल

10वीं छात्रा अदिति गुप्ता (98%) ने प्रथम, तानिया मीणा और अमृता शा (95%) ने द्वितीय और निधि बिष्ट (94%) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल की शोभित गोस्वामी (95.4%) ने प्रथम, काव्य राजानी और अभिजीत कुंवर (95%) ने द्वितीय और हिमांशु सेन (94.6%) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कक्षा की परीक्षा में एलवीएस स्कूल की इशिका साहू (93.4%) ने प्रथम, राशि पाटीदार (92.6%) ने द्वितीय और मानसी सेन (91.2%) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के कृष्णा पंजवानी (93.2%) ने प्रथम, चन्द्रप्रकाश नागर (89.6%) ने द्वितीय और रूपेश बागवार (89%) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बीयू में हुई ऑडियो वीडियो रील्स स्पर्धा

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में विधि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में विधि एवं शोध विभाग के छात्रों ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। सीएपीटी द्वारा आयोजित ऑडियो/वीडियो रील्स प्रतियोगिता में एनएलआईयू एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से प्रथम चारों स्थान ( प्रथम से चौथा स्थान ) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विधि विभाग के विद्यार्थियों ने प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लॉ विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो मोंना पुरोहित ने बताया कि इन विद्यार्थियों को दिल्ली में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया पुलिस कॉग्रेस मे सहभागिता का अवसर प्राप्त होगा।

### मप्र के पंद्रह अफसरों के नाम अब तक तय, मसूरी में होगा प्रशिक्षण

# फिर ट्रेनिंग से बच गए कई सीनियर अफसर !

दोहपर मेट्रो, भोपाल

मध्यप्रदेश के 15 आईएएस अफसरों को मिड कैरियर ट्रेनिंग के लिए भेजा जाना तय हो गया है। इनमें उज्जैन, अशोकनगर और कटनी के पूर्व कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, सुभाष कुमार द्विवेदी और दीपक आर्य शामिल हैं। ये ट्रेनिंग 12 मई से 6 जून तक मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आयोजित की जा रही है। राज्य शासन ने प्रशिक्षण के लिए इन सभी अधिकारियों को अनुमति दे दी है। इन अफसरों में इंदौर, जबलपुर और सतना के अपर कलेक्टर भी शामिल हैं। हालांकि कई अफसर ट्रेनिंग पर जाने से बच भी गए हैं। अक्सर अच्छे पदों पर जमे अफसर ऐसी लंबी ट्रेंनिंग में जाने से बचते रहे हैं। जबकि यह ट्रेनिंग उन अधिकारियों के लिए अनिवार्य मानी जाती है, जिन्होंने अब तक मिड कैरियर ट्रेनिंग नहीं की है और जिनकी सेवानिवृत्ति में अभी एक साल से अधिक का समय शेष है।

## केन्द्र ने 53 अधिकारियों की जारी की थी सूची

इस बार एमपी कैडर के 2012 से 2017 बैच के 15 आईएएस अधिकारियों का चयन हुआ है। राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी ने हाल ही में ऐसे 53 अधिकारियों की सूची जारी की थी, जो अब तक यह ट्रेनिंग नहीं ले सके थे। अब इन्हें चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण में शामिल किया जा रहा है। फिलहाल नीरज कुमार सिंह, संचालक परियोजना, लोक स्वास्थ्य, दीपक आर्य सीईओ ग्रामीण सड़क प्राधिकरण, सुभाष द्विवेदी, अपर सचिव साप्रवि, एस. कृष्ण चैतन्य एमडी मेट्रो, अंजू पवन भदौरिया सीईओ रायसेन, शीला दाहिमा उप सचिव सहकारिता, बिदिशा मुखर्जी, अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म, किरोड़ीलाल मीणा अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन, गौरव बैनल अपर कलेक्टर इंदौर, मिशा सिंह अपर कलेक्टर जबलपुर, स्वप्निल वानखेड़े अपर कलेक्टर सतना, विवेक कुमार सीईओ ग्वालियर, रोहित सिसोनिया, अपर आयुक्त, नगर निगम इंदौर,राहुल नामदेव उप सचिव एनवीडीए व दिव्यांक सिंह सीईओ स्मार्ट सिटी,इंदौर के नाम हैं। राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी 2007 से मिड कैरियर ट्रेनिंग का आयोजन कर रही है, ताकि फील्ड में काम कर रहे अधिकारियों की कार्य दक्षता और नेतृत्व क्षमता को और मजबूत किया जा सके।



## ट्रेंनिग से बचें या पद बचाएं !

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमसीटीपी) 2007 में शुरू हुआ है। अफसरों की वर्किंग एफिशिएंसी में सुधार के लिए इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में अफसरों को तीन मौके दिए जाते हैं। बताते हैं कि राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के साथ एमसीटीपी रिव्यू में यह बात सामने आई है कि पात्रता के बाद भी किसी न किसी बहाने अधिकारी प्रशिक्षण से बच रहे हैं। इसलिए एक बार फिर ऐसे पात्र अफसरों की सूची जारी की गई थी। जानकारी के मुताबिक इस ट्रेनिंग के लिए देशभर के कुल 779 अफसरों को 16 मई तक रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहा गया है। इनमें मप्र के 53 आईएएस अधिकारियों को बुलाया था। इस सूची में सरकार के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत चार जिलों के कलेक्टर और सीएम सचिवालय में पदस्थ दोनों सचिव भी शामिल थे। केंद्र ने यह भी साफ तौर पर कहा कि अधिकारी किसी न किसी कारण या बहाना बनाकर ट्रेनिंग से बच रहे हैं। जबकि वर्किंग एफिशिएंसी में सुधार के लिए यह ट्रेनिंग जरूरी है। यह सभी 53 अफसर सचिव व अपर सचिव कैडर के अधिकारी हैं।

### प्रदेश में एक के बाद एक सामने आ रही महिला अपराधों से जुड़ी घटनाओं पर सीएम ने अफसरों से कहा

# सीएम की दो टूक– दबाव में न आए, कड़ी कार्रवाई करें, जो नहीं कर सकते, वह मैदान से हट जाएं

दोहपर मेट्रो, भोपाल

प्रदेश में एक के बाद एक सामने आ रहे महिला अपराध से जुड़े मामलों में सीएम डॉ. मोहन यादव ने पुलिस को कार्रवाई करने के लिए खुली छूट दे दी है। दो टूक कहा है कि ऐसे अपराधों में शामिल आरोपियों, संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई करने में देरी न करें, किसी के दबाव में भी आने की जरुरत नहीं है। कड़ी कार्रवाई करें, जो पुलिस अधिकारी कार्रवाई नहीं कर सकते, वे मैदान से हट जाए।



सीएम ने मंगलवार हाउस में गृह विभाग के कामों की समीक्षा बैठक की, जिसमें प्रत्येक बिदुओं पर चर्चा कर फीडबैक लिया। उन्होंने डीजीपी कैलाश मकवाना से कहा कि पुलिस अधीक्षकों से प्रतिदिन की कार्रवाई का ब्यौरा मांगे। उन्होंने हाल में भोपाल, जबलपुर, गुना, उज्जैन समेत अन्य जिलों में सामने आई महिला अपराधों से जुड़ी मुख्य घटनाओं के जिम्मेदारों को खोजकर बाहर निकालने, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, महिलाओं व नागरिकों में सुरक्षा का भाव पैदा करने के निर्देश दिए।

प्रदेश भर के शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों के लिए कहा कि परिसर में रोको-टोको अभियान नियमित रूप से जारी रहें, कहीं कोई संदिग्ध स्थिति न बने, इसकी जवाबदेही लें, समय से पूर्व पुलिस को सूचना दें। ऐसा करने में विफल रहने वाले शैक्षणिक संस्था प्रमुखों को कार्रवाई के दायरे में लिए जाने की बात कही। बैठक में वीसी के जरिए नक्सलवाद प्रभावित व कुछ अन्य जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भी शामिल किया था।

## सीएम ने दिए यह भी अन्य निर्देश

- प्रदेश में विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर छात्राओं और सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध घटित करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो। इस बारे में कोई रियायत न बरती जाए।
- प्रदेश में एक समेकित अभियान संचालित कर छात्राओं और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाया जाए। इस संबंध में नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।
- नए कानून के क्रियान्वयन के प्रति गंभीर रहें।
- प्रदेश में न्याय श्रुति सॉफ्टवेयर के माध्यम से थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था को सशक्त बनाया जाए।
- देवास जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट, विधि विज्ञान रिपोर्ट और ई-अभियोजन के कार्य में लगभग 20 हजार मानव घंटे की बचत का कार्य सराहनीय है। अन्य जिले भी इस मॉडल पर कार्य करें।
- पुलिस का प्रशासनिक अमला और थानों का स्टॉफ संवेदनशील होकर नागरिकों के हित में और सुदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करें।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति, नक्सल गतिविधियों के नियंत्रण, पुलिस द्वारा सुशासन क्षेत्र के प्रयास और नए कानूनों के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा कर निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## अपराधों के खिलाफ एक्शन लेने वाले होंगे सम्मानित

सीएम ने कहा कि बालाघाट समेत अन्य जिलों में नक्लवाद और अपराध के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले पुलिस अफसरों व जवानों को जल्द आउट ऑफ प्रमोशन मिल सकता है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अच्छा काम करने वालों को लगातार प्रोत्साहित करेगी।

### सीएम का वक्फ सुधार जनजागरण कार्यक्रम में ऐलान

# डॉ. कलाम के नाम पर होगा राज्य वक्फ बोर्ड का नया भवन, भोपाल में बनेगा

दोहपर मेट्रो, भोपाल



मप्र में अब राज्य वक्फ बोर्ड का नया कार्यालय भवन बनाया जाएगा और भोपाल में बनने वाले इस भवन का नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर होगा। मौजूदा वक्फ बोर्ड कार्यालय 150 साल से अधिक पुराने भवन में संचालित होता है। यह भवन जर्जर और छोटा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सीएम हाउस में आयोजित वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। सीएम ने कहा कि वक्फ की संपत्तियों पर गलत नजर डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। राज्य सरकार ऐसे लोगों के साथ सख्ती से पेश आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल नए वक्फ कानून के नाम पर भ्रम फैला रहे हैं। इन्हीं लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भ्रम फैलाया था। उन्हें मुस्लिम विरोधी बताया जाता था। लेकिन मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिनका सबसे ज्यादा सम्मान अरब देशों में हुआ है।

सीएम ने सांप-नेवले की लड़ाई दिखाने के नाम पर अपना मंजन बेचने वाले मदारी की कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग मुसलमानों को भाजपा का काल्पनिक डर दिखाकर अपनी राजनीति चमकाते रहे हैं। अब ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

वक्फ माफिया को नोटिस- अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि मप्र पहला राज्य है, जिसने सभी वक्फ दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन किया। वक्फ संपत्तियों की जियो टैगिंग का काम भी किया गया। । मप्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनव्वर पटेल ने बताया कि अब तक मप्र में 2 हजार से अधिक वक्फ माफिया को नोटिस जारी किए गए हैं। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी समीर दाद समेत कई संस्थाओं के 150 प्रतिनिधि थे।

## सीएम बोले- वक्फ का मतलब दान की चीज

इस वक्फ सुधार जनजागरण कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों से संवाद में सीएम ने कहा कि वक्फ मतलब, दान की चीज। वो दान की चीज तो सुरक्षित रहना ही चाहिए। लेकिन कुछ लोग उसे अपने घर की समझने लग जाते हैं। जब उनके मतलब की बात आई तो समाज को पीछे लगाने लगते हैं। अब समाज सब समझ गया है, उनके चक्कर में नहीं आने वाला। 2013 के पहले तो वही कानून था। उसमें आपने बदलाव किया और कहा कि बहुत फायदा हो जाएगा। सीएम ने कहा-ये बात सही है कि वक्फ सुधार के माध्यम से जो सुधार आया, उसे समझना चाहता हूं। दुर्भाग्य की बात है कि हमारे बीच में हमारे ही लोग कई प्रकार से साधन संपन्न हो गए, राजनीति में चले गए तो बड़े ताकतवर हो गए। आप बड़े हुए तो हमने मान लिया, लेकिन ऐसे बड़े मत रहो कि नीचे वालों को बिल्कुल कुचल दो।

### - पन्ना जिले के देवेन्द्र नगर स्थित संस्कृत महाविद्यालय के लिए भी नवीन भवन स्वीकृत

# 22 कॉलजों को नए भवन की सौगात, खर्च होंगे 15-15 करोड़



दोहपर मेट्रो, भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश अनुरूप, उच्च शिक्षा विभाग ने इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के शुरू होते ही 22 महाविद्यालयों के नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त कर ली है। महाविद्यालय बलवाड़ी (बड़वानी), भीमपुर (बैतूल), उदयनगर (देवास), चरगवां (जबलपुर), खालवा (खंडवा) सहित अन्य शासकीय महाविद्यालय एवं विधि महाविद्यालय सिवनी में नवीन महाविद्यालयों के भवन निर्मित किये जाने की स्वीकृति मिली हैं। इसके अतिरिक्त संस्कृत शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, पन्ना जिले के देवेन्द्र नगर स्थित संस्कृत महाविद्यालय के लिए भी नवीन भवन स्वीकृत किया गया है। इन महावि?द्यालयों के लिये औसत 15 करोड़ रुपए नवीन भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है।

**अगले चरण में 35 अन्य महाविद्यालयों के लिए प्रयास-** अगले चरण में प्रदेश के लगभग 35 अन्य महाविद्यालयों के नवीन भवनों के लिए स्वीकृति के लिए प्रयास किया जाएगा, इनमें से 16 महाविद्यालयों के लिए भूमि प्राप्त कर ली गई है। इनमें से कई महाविद्यालय वर्ष 2023 में प्रारंभ हुए हैं एवं इनमें विद्यार्थियों की संख्या 100 से कम है, इसलिए विद्यार्थियों की संख्या एवं वित्तीय संसाधनों के अनुसार विभागीय कार्यवाही की योजना है।

## मप्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में अव्वल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के नीति संवाद श्रृंखला में कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में शिक्षा को रोजगार से जोड़ने और शिक्षा के गुणात्मक सुधार पर शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विषय-विशेषज्ञों के बीच विचार विमर्श हुआ। सत्र के प्रारंभ में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में रहा है। प्रदेश में शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रभावी प्रयास निरंतर किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम को इस तरह से तैयार किया गया है कि विद्यार्थी उच्च शिक्षा में जितने साल भी पढ़ाई कर लें उसे मूल्यांकन के बाद उस अवधि का सर्टिफिकेट देने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में हाल ही में जिन स्थानों पर हवाई पट्टी है, वहां पर युवाओं के लिये एविऐशन के कोर्स प्रारंभ किये गये है।इसी तरह आज के दौर के कई व्यवसायिक कोर्स की शुरूआत की गई है। परिचर्चा का संचालन सलाहकार सामाजिक अवसंरचना आयोग उत्तराखण्ड की डॉ. भावना शिंदे ने किया।

## पीसीसी में आज अहम बैठकों का दौर

दोहपर मेट्रो, भोपाल

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस आज बैठक के मोड में है। कांग्रेस की तमाम बैठकें संगठन को चुस्तदुरूस्त करने के लिये हो रही हैं। आज दिन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मैराथन बैठकों के क्रम में सबसे पहले शुरूआत चुनव प्रबंधन विभाग की बैठक से हुई है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी आज अलग-अलग 5 बैठकें लेंगे।सुबह पटवारी ने चुनाव प्रबंधन विभाग की पहली बैठक में वार्ड और पंचायत समितियों के गठन, वोटर लिस्ट रिव्यू, बूथ समितियों के मुद्दों पर चर्चा शुरू की है। इसके बाद दोपहर में प्रशिक्षण विभाग के पदाधिकारियों की बैठक में कांग्रेस के आगामी ट्रेनिंग प्रोग्रामों पर चर्चा का एजेंडा है। इसके बाद नवगठित मीडिया विभाग और सभी नवनियुक्त प्रवक्ताओं के साथ बैठक बुलाई गईज्ञ है। फिर दोपहर तीन बजे सोशल मीडिया विभाग का रिव्यू भी पटवारी और चौधरी करेंगे। शाम को संगम नेतृत्व टीम के साथ बैठक होगी।



**मेट्रो एंकर**

### उच्च शिक्षा विभाग एवं आनंद विभाग के मध्य हुआ एमओयू

# श्रेष्ठ नागरिक निर्माण ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का ध्येय



दोहपर मेट्रो, भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की उपस्थिति में मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं राज्य आनंद संस्थान (आनंद विभाग) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गये। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि श्रेष्ठ नागरिक निर्माण करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का ध्येय है। इस एमओयू का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में, उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में मानवीय जीवन मूल्यों बोध की शिक्षा दिया जाना है। इस एमओयू में दोनों उपक्रम, सहयोगी के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अंतर्गत ष्उच्च शिक्षा संस्थानों में मानवीय मूल्य एवं नैतिकता पर आधारित शिक्षा विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करेंगे। एमओयू के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत समस्त शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत शिक्षक एवं विद्यार्थियों के जीवन में आंतरिक आनंद के महत्व एवं विद्यार्थियों में मानवीय जीवन मूल्य संवर्धन के लिए अभ्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे। आनंद के विषय में ज्ञान और संसाधन के रूप में उचित प्लेटफॉर्म तैयार कर दीर्घकालिक प्रयास किए जाएंगे।

## हर व्यक्ति का जीवन में लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए

मंत्री परमार ने कहा कि इस एमओयू का उद्देश्य है कि जब युवा अध्ययन के उपरांत समाज में जाएं तो वे जिस भी क्षेत्र में कार्य करें, वे अपना श्रेष्ठतम योगदान देते हुए एवं मानवीय मूल्यों को आत्मसात करते हुए मानवता की सेवा कर सकें। मंत्री परमार ने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन में लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करने का भाव, बोझ न होकर स्वाभाविक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपना कार्य समय पर पूर्ण करने में भी आनंद की ही अनुभूति होती है।



## संपादकीय

# महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण

हम अक्सर सुनने या देखने में आता है कि आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं तरह-तरह से हिंसा का शिकार हो रही हैं। अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों और विकास के दावों के बीच ऐसा क्या है जो हमारे समाज में स्त्रियों के प्रति दृष्टिकोण और मानस को मानवीय बना पाने में बाधक बना हुआ है। जबकि समाज में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा रोकने के लिए कई कड़े कानून बनाए गए हैं, जागरूकता कार्यक्रमों के समांतर महिला सशक्तीकरण के लिए कार्यक्रम चलाए जाते हैं। महिलाओं के खिलाफ घर से बाहर होने वाले अपराध निश्चित रूप से बेहद गंभीर समस्या हैं, लेकिन इससे त्रासद क्या होगा कि आज भी हमारे परिवारों के ढांचे और व्यवहार में ऐसा बदलाव नहीं आ सका है, जो कम से कम घरों की चारदीवारी के भीतर महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। राष्ट्रीय महिला आयोग ने अपनी ताजा रपट में बताया है कि इस वर्ष उसे अब तक सात हजार छह सौ अट्ठानबे शिकायतें मिली हैं, जिनमें सबसे ज्यादा संख्या घरेलू हिंसा, मारपीट और आपराधिक धमकी की है। यानि घरेलू हिंसा के मामले। अब सवाल है कि लंबे समय से चलाए जा रहे स्त्री-पुरुष समानता और महिला सशक्तीकरण संबंधी कार्यक्रमों और अभियानों की दिशा क्या रही है कि आज भी बड़ी संख्या में महिलाओं को घरेलू हिंसा का शिकार होना पड़ता है। यह समझना मुश्किल है कि किन्हीं वजहों से पिछड़ गए समुदायों ही नहीं, आमतौर पर पढ़े-लिखे, सुसभ्य कहे जाने वाले लोगों के भीतर भी महिलाओं के खिलाफ अनेक दुराग्रह और संकीर्णताएं क्यों पलती रहती हैं। यह न केवल समाज के स्तर पर एक बड़ी नाकामी का सबूत, बल्कि कानून-व्यवस्था के भी कमजोर होने का सूचक है। समाज में आपराधिक सोच कब हिंसक शक्ल अख्तियार कर लेती है, यह किसी को पता नहीं चलता। जाहिर है, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर लगाम लगाने के लिए बने कानूनों को जहां सख्ती से लागू किए जाने की जरूरत है, वहीं सबसे ज्यादा जोर लोगों की सोच में बदलाव पर भी दिया जाना चाहिए, जिसकी वजह से कोई व्यक्ति या उसका परिवार महिला से संवाद करने के बजाय हिंसक रुख अपना लेता है। इस तरह की हिंसा का असर परिवार में बच्चों पर भी होता है। खासकर महिला के यदि बच्चे हैं तो वह भी अपना बचपन गंवा बैठते हैं। वैसे घर के बाहर भी महिलाओं पर हिंसा के कई मामले सामने आते रहे हैं और उन पर भी कठोर कार्रवाईयों के प्रावधान किये जाते रहे हैं लेकिन परिवार के भीतर यदि मामले बेलगाम जैसे नजर आ रहे हैं तो फिर यह भी माना जा सकता है कि जो मामले सामने आ रहे हैं वे वास्तविक स्थितियों से कम हैं? क्योंकि असंख्या महिला वे भी हो सकती हैं जो शर्म,डर या जानकारी के अभाव में सही फोरम तक शिकायत करने नहीं जातीं। इसीलिये जरूरी तो यह भी है कि महिलाओं को इस तरह के मामलों में आगे आने के लिये जरूरी जानकारियां देने का अभियान सतत रूप से चलता रहे। पुलिस और प्रशासनिक संस्थाओं से जुडे ऐसे अमले को भी यह दायित्व दिया जाए कि वे इस तरह के मामलों पर नजर रखें या ऐसा तंत्र विकसित करें कि घरेलू हिंसा की सूचना उन तक पहुंचे। ऐसे मामले में पुलिस को भी काऊंसलिंग आदि के लिये तंत्र को मजबूत करना होगा, ताकि हिंसा भी खत्म हो तथा परिवार को टूटन से बचें।

# पाकिस्तान के सात अक्षम्य अपराध: भारत की अटल मांग और स्थायी बदलाव की आकांक्षा

■ आशीष कौल

पहलगाम की धरती पर अभी भी निर्दोष रक्त के गहरे धब्बे मौजूद हैं। जब परिवार शोक मना रहे हैं और एक राष्ट्र न्यायपूर्ण क्रोध से उबल रहा है, पाकिस्तान का आतंकवाद के साथ दशकों पुराना नृत्य भारत के सहनशीलता की अंतिम सीमा को पार कर चुका है। बैसरन घाटी नरसंहार मात्र एक और हमला नहीं है, बल्कि सात अक्षम्य अपराधों का चरमोत्कर्ष है जिनका जवाब अब राजनयिक औपचारिकताओं या रणनीतिक संयम से नहीं दिया जा सकता।भारत परिवर्तन की दहलीज पर खड़ा है-प्रतिशोध चाहने वाले पीड़ित के रूप में नहीं, बल्कि न्याय की मांग करने वाली उभरती महाशक्ति के रूप में। आधे उपायों का समय बीत चुका है। निम्नलिखित सात अपराध पाकिस्तान का भारत और मानवता के प्रति ऋण हैं-एक ऐसा ऋण जिसका भुगतान अब पूर्ण रूप से किया जाना चाहिए।

जैसे एक राष्ट्र आगजनी करने वालों को घर देता है और दावा करता है कि वह आग से लड़ रहा है, पाकिस्तान भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों को आश्रय देता रहता है। 1993 के मुंबई बम विस्फोटों का मास्टरमाइंड दाऊद इब्राहिम कराची के डिफेंस हाउसिंग एरिया में शाही आराम से रहता है। संसद और पुलवामा हमलों के सूत्रधार मौलाना मसूद अजहर पाकिस्तानी धरती से बिना किसी रोक-टोक के काम करता है। ये लोग महज अपराधी नहीं हैं; वे सामूहिक हत्या के वास्तुकार हैं। उनका प्रत्यर्पण गैर-बातचीत योग्य है–यह पाकिस्तान की सभ्यता के प्रति प्रतिबद्धता का पहला परीक्षण है। वे हर दिन जो आजाद रहते हैं, वह एक और दिन है जब पाकिस्तान आतंकवाद के राज्य प्रायोजक के रूप में दोषी ठहराया जाता है।

**सैन्य-आतंक नेक्सस:** पाकिस्तान की सेना और खुफिया सेवाएं वर्दी में एक घातक रोग का प्रतिनिधित्व करती हैं–एक संस्था जिसने आतंकवाद को राज्य नीति के रूप में हथियार बना लिया है। सेना प्रमुख और आईएसआई के महानिदेशक एक राष्ट्र के रक्षकों के रूप में नहीं बल्कि आतंकवादी संगठनों के कठपुतली मास्टर के रूप में काम करते हैं। इस सैन्य उच्च कमान को सीमा पार आतंकवाद के आयोजन के लिए अभियोजन का सामना करना चाहिए–या तो भारतीय अदालतों में या अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरणों के सामने। कोई शांति संभव नहीं है जब तक



ये जनरल नागरिक जीवन को मोहरे के रूप में इस्तेमाल करके युद्ध खेल रहे हैं।

**जल चोरी :** रात के चोर की तरह, पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के तहत भारत की उदारता का फायदा उठाया है, जल संसाधनों का दावा करते हुए भारत को उसका उचित हिस्सा देने से इनकार करता है। यह जल असंतुलन बहुत लंबे समय से बना हुआ है-भारतीय कृषि और ऊर्जा सुरक्षा के खिलाफ एक मौन पर्यावरणीय आक्रमण। भारत अब सिंधु नदी के जल के 50% तक पहुंच की न्यायसंगत मांग करता है। यह सिर्फ प्रवाह के घन मीटर के बारे में नहीं है; यह लाखों भारतीय किसानों के लिए जीवन रेखा और हजारों गांवों को रोशन करने वाली शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है।

**बलूचिस्तान का दमन:** बलूचिस्तान का प्रांत पाकिस्तान के जूते के नीचे तड़पता है। इसके संसाधन लूटे गए, इसके लोग दमित, इसकी स्वायत्तता कुचली गई। यहां पाकिस्तान के अपराध उसी औपनिवेशिक दमन को दर्शाते हैं जिससे वह बचने का दावा करता है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध फिर भी जानबूझकर गरीब बनाया गया, बलूचिस्तान का आत्मनिर्णय के संघर्ष भारत के मुखर समर्थन का हकदार है। यह हस्तक्षेप नहीं बल्कि नैतिक अनिवार्यता है। स्वतंत्रता से जन्मे एक राष्ट्र को उनके साथ खड़ा होना चाहिए जो इसे चाहते हैं। बलूचिस्तान के अपना भविष्य निर्धारित करने के अधिकार का समर्थन करके, भारत उन्हीं सिद्धांतों को बनाए रखता है जिन पर उसकी अपनी स्वतंत्रता जीती गई थी।

**कब्जे वाले कश्मीर में आतंक कारखाने:** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को आतंकवाद के लिए एक विशाल प्रशिक्षण मैदान में बदल दिया गया है-एक रक्त से सनी अकादमी जहां युवाओं को कट्टरपंथी बनाया जाता है, हथियार दिए जाते हैं, और भारत पर निशाना साधा जाता है। ये शिविर छिपे नहीं हैं; वे पाकिस्तानी अधिकारियों के पूर्ण ज्ञान और समर्थन के साथ खुले आम संचालित होते हैं। उनका पूर्ण विघटन-अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों द्वारा सत्यापित–किसी भी संवाद के लिए एक पूर्व शर्त होनी चाहिए। हर खड़ा शिविर भारत के दिल पर तानी गई एक लोड की हुई बंदूक है।

**सांस्कृतिक नरसंहार:** मानवता की साझा विरासत को विकृत करने वाले बर्बरों की तरह, पाकिस्तान ने हिंदू और सिख धार्मिक स्थलों के व्यवस्थित विनाश की अध्यक्षता की है। प्राचीन मंदिर खंडहर में पड़े हैं, ऐतिहासिक गुरुद्वारे उपेक्षा से टूट रहे हैं, और अल्पसंख्यकों को अपने विश्वास का पालन करने के लिए उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। भारत इन पवित्र स्थानों के पुनर्स्थापना और संरक्षण की मांग करता है–न केवल पत्थर की इमारतों के रूप में, बल्कि एक साझा सभ्यतागत विरासत के स्मारकों के रूप में जो सीमाओं को पार करती है। यह धर्म के बारे में नहीं बल्कि सांस्कृतिक पहचान की नींव का सम्मान करने के बारे में है।

**समापन से इनकार:** अंतिम क्रूरता के कार्य में, पाकिस्तान नियमित रूप से भारत को हमलों के दौरान मारे गए आतंकवादियों के शवों से भी इनकार करता है। यह परिकल्पित निर्दयता पीड़ितों के परिवारों को समापन से वंचित करती है और फोरेंसिक परीक्षा को रोकती है जो हमलावरों के मूल और समर्थन नेटवर्क को उजागर करेगी। आतंकवादियों के अवशेषों की वापसी प्रतीकात्मक और व्यावहारिक रूप से आवश्यक है–भारत को सबूत श्रृंखला स्थापित करने और पीड़ितों के परिवारों को यह जानने का ठंडा आराम देने की अनुमति देता है कि न्याय शुरू हो गया है।

**आगे का मार्ग :** भारत की प्रतिक्रिया को भावनात्मक प्रतिक्रिया से परे जाना चाहिए। जिसकी आवश्यकता है वह अंधा प्रतिशोध नहीं बल्कि परिकलित दबाव है–राजनयिक, आर्थिक, सैन्य और खुफिया चैनलों के माध्यम से लागू। लक्षित हमले आतंक के बुनियादी ढांचे पर सर्जिकल सटीकता के साथ निष्पादित किए जा सकते हैं, व्यापक संघर्ष को ट्रिगर किए बिना पाकिस्तान के आतंक उपकरण को विघटित करना। अंतरराष्ट्रीय अलगाव को तीव्र किया जाना चाहिए, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से लेकर वित्तीय निगरानी तक हर वैश्विक मंच के सामने पाकिस्तान की आतंक मिलीभगत का दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए।

खुफिया अभियानों का विस्तार किया जाना चाहिए ताकि खतरों को सामने आने से पहले ही निष्प्रभावी किया जा सके और पाकिस्तान के आतंक नेटवर्क को वैश्विक जांच के लिए उजागर किया जा सके। जल कूटनीति का लाभ उठाया जाना चाहिए ताकि नदी संसाधनों में भारत का वाजिब हिस्सा सुरक्षित किया जा सके, जल न्याय को कृषि समृद्धि में बदला जा सके। संकट का यह क्षण अपने भीतर परिवर्तन के बीज रखता है। अनियंत्रित क्रोध के बजाय रणनीतिक बुद्धिमत्ता के साथ जवाब देकर, भारत क्षेत्रीय शक्ति से वैश्विक स्तंभ तक पहुंच सकता है–एक ऐसा राष्ट्र जिसका नैतिक प्राधिकार उसकी सैन्य और आर्थिक शक्ति से मेल खाता है। पहलगाम त्रासदी भारत के अंतिम उभार का उत्प्रेरक बन सकती है, जो वैश्विक शक्ति गतिशीलता में तीसरे ध्रुव के रूप में, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के साथ। लेकिन यह उत्थान अनुशासित राजनीति पर निर्भर करता है-प्रतिशोध के बिना न्याय, अतिरेक के बिना ताकत, लापरवाही के बिना दृढ़ संकल्प। पाकिस्तान के सात पाप दशकों में जमा हुए हैं, प्रत्येक अतिक्रमण अगले को हौसला देता है। भारत के लिए बिल प्रस्तुत करने का समय आ गया है। अराजक संघर्ष के माध्यम से नहीं बल्कि परिकलित परिणाम के माध्यम से। नफरत के माध्यम से नहीं बल्कि न्याय की ठंडी स्पष्टता के माध्यम से। दुनिया देख रही है। इतिहास प्रतीक्षा कर रहा है। और भारत को अपने संकल्प में विचलित नहीं होना चाहिए कि पहलगाम में बहाया गया खून युद्ध का नहीं, बल्कि स्थायी परिवर्तन की नींव बने।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

जयंती विशेष 7 मई, 2025

# रवीन्द्रनाथ टैगोर: रोशनी जिनके साथ चलती थी

■ ललित गर्ग

भारत का राष्ट्र-गान 'जन गण मन' और बाँग्लादेश का राष्ट्रीय गान 'आमार सोनार बांड्ला' के रचयिता एवं भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर की जन्म जयंती हर साल 7 मई को मनाई जाती है। वे एक महान एवं विश्वविख्यात कवि, लेखक, साहित्यकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार थे। उन्हें बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा, युगस्त्रष्टा एवं युग-निर्माता माना जाता है। रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी अनूठी, हृदयस्पर्शी एवं आध्यात्मिक रचनाओं के लिए लोग गुरुदेव कहकर पुकारते हैं। उनका जन्मदिन केवल जन्म का जश्न मनाने के लिए नहीं है, बल्कि उनके विचारों और मूल्यों को याद करने और उनके सद्भाव, संपूर्णता और अखंडता के आदर्शों और आकांक्षाओं के अमूल्य योगदान का सम्मान करने का भी एक अवसर है। टैगोर एक ऐसे दिव्य एवं अलौकिक व्यक्ति एवं समाजक्रांति के प्रेरक थे, रोशनी जिनके साथ चलती थी।

रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। उनकी आरम्भिक शिक्षा प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। टैगोर परिवार बंगाल पुनर्जागरण के समय अग्रणी था। उन्होंने साहित्यिक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया; बंगाली और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत एवं रंगमंच और पटकथाएं वहां नियमित रूप से प्रदर्शित हुई थीं। टैगोर के सबसे बड़े भाई द्विजेंद्रनाथ एक दार्शनिक और कवि थे एवं दूसरे भाई सत्येंद्रनाथ कुलीन और पूर्व में सभी यूरोपीय सिविल सेवा के लिए पहले भारतीय नियुक्त व्यक्ति थे। एक भाई ज्योतिरिंद्रनाथ, संगीतकार और नाटककार थे एवं इनकी बहिन स्वर्णकुमारी उपन्यासकार थीं। टैगोर ने लगभग 2,230 गीतों की रचना की। रवींद्र संगीत बाँग्ला संस्कृति का अभिन्न अंग है। टैगोर के संगीत को उनके साहित्य से अलग नहीं किया जा सकता। उनकी अधिकतर रचनाएं तो अब उनके गीतों में शामिल हो चुकी हैं। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की ध्रूवपद शैली से प्रभावित ये गीत मानवीय भावनाओं एवं संवेदनाओं के अलग-अलग रंग प्रस्तुत करते हैं।

गुरुदेव टैगोर की कविताओं में हमें अस्तित्व के असीम सौन्दर्य, प्रकृति और भक्ति के दर्शन होते हैं। उनकी बहुत-सी कविताएं प्रकृति के सौन्दर्य से जुड़ी हैं। गुरुदेव ने जीवन के अंतिम दिनों में चित्र बनाना शुरू किया। इसमें युग का संशय, मोह, क्लान्ति और निराशा के स्वर प्रकट हुए हैं। मनुष्य और ईश्वर के बीच जो चिरस्थायी सम्पर्क है, उनकी रचनाओं में वह अलग-अलग रूपों में उभरकर सामने आया। टैगोर और महात्मा गाँधी के बीच राष्ट्रीयता और मानवता को लेकर हमेशा वैचारिक मतभेद रहा। जहां गांधी पहले पायदान पर राष्ट्रवाद को रखते थे, वहीं टैगोर मानवता को राष्ट्रवाद से अधिक महत्व देते



थे। लेकिन दोनों एक दूसरे का बहुत अधिक सम्मान करते थे। एक समय था जब शान्ति निकेतन आर्थिक कमी से जूझ रहा था और गुरुदेव देश भर में नाटकों का मंचन करके धन संग्रह कर रहे थे, उस समय गांधीजी ने टैगोर को एक बड़ी राशि का अनुदान का चेक दिया था।

टैगोर के कई गीतों और कहानियों ने मानव चेतना को बदलने और कार्य करने के लिए साहस और प्रतिबद्धता को प्रेरित किया। उन्होंने कला का अभ्यास कला के लिए नहीं किया, न ही आत्म-अभिव्यक्ति के तरीके के रूप में और कम से कम मनोरंजन के लिए तो कत्तई नहीं किया, बल्कि उनकी कला भी नये मानव एवं नये विश्व की संरचना से प्रेरित थी। उनकी कला जीवन के गहरे अर्थ को स्पष्ट करने और आत्मा को ठीक करने की पेशकश थी। अपने शिल्प के उस्ताद के रूप में, टैगोर ने कविता की शुद्धता को जीने के उद्देश्य के साथ जोड़ा। उन्होंने न केवल अपने जीवन में मृत्यु, अवसाद और निराशा के कारण अनुभव किए गए दुख और पीड़ा को ठीक किया, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज के भीतर अन्याय और असमानता के घावों को भरने के लिए भी काम किया। उन्होंने उन्नत कृषि, अच्छे स्कूलों, आरामदायक आर्थिक स्थितियों और बेहतर जीवन स्तर के माध्यम से मानव समुदायों के बाहरी विकास के लिए काम किया, लेकिन साथ ही उन्होंने आत्मा के नवीनीकरण, आत्मा की देखभाल, हृदय को पोषण और कल्पना को पोषित करने के माध्यम से आंतरिक विकास पर जोर दिया। वे एक ऐसे पुरुषार्थी पुरुष का महापुरुष के रूप में जाना पहचाना नाम है, जिन्होंने हर इंसान के महान् बनने का सपना संजोया और उसके लिये उनके हाथ में सुनहरे सपनों को साकार होने की जीवनशैली भी सौंपी।

टैगोर गहन आध्यात्मिक एवं साधक पुरुष थे, उन्होंने अध्यात्म के गहन रहस्यों को उद्घाटित किया। उनके अनुसार मौन की भाषा शब्दों की भाषा से किसी भी रूप में कमजोर नहीं होती, बस उसे समझने वाला चाहिए। जिस प्रकार शब्दों की भाषा का शास्त्र होता है, उसी प्रकार मौन का भी भाषा विज्ञान होता है। मौन को समझा तो जा सकता है, पर समझाया नहीं जा सकता। संभवतः इसीलिए रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि मौन अनंत की भाषा है। टैगोर अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक थे। टैगोर ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भौतिक कल्याण के साथ आध्यात्मिक विकास की आवश्यकता व्यक्त की। एक के बिना दूसरा एक पैर पर चलने जैसा है। वे आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्व निर्माण के प्रेरक थे। इस संतुलित और समग्र विश्वदृष्टि की अब पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है, क्योंकि यह हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और लचीले भविष्य के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता एवं शर्त है। शुद्ध तर्क और शुद्ध भौतिकवाद उतने ही विनाशकारी हैं, जितने कि विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत मोक्ष की खोज। टैगोर ने विज्ञान और तर्क के माध्यम से सत्य की खोज करते हुए शब्दों और कर्मों में शाश्वत ज्ञान और कालातीत मूल्यों को व्यक्त किया। टैगोर का विश्वदृष्टि तर्क और धर्म, आत्मा और पदार्थ की एकता को देखना और उन्हें एक साथ नृत्य करने देना है। यह एक बड़ी दृष्टि है जहाँ विज्ञान आध्यात्मिकता का पूरक है, कला पारिस्थितिकी का पूरक है और स्वतंत्रता समानता का पूरक है।

रवीन्द्रनाथ टैगोर ने हमें नस्ल, रंग, धर्म, सम्प्रदाय, भाषा और राष्ट्र की अपनी क्षुद्र पहचान से ऊपर उठने और अपनी सामान्य मानवता के साथ पहचान बनाने का आग्रह किया। उन्होंने मानवता की एकता और स्वतंत्रता, न्याय और शांति के सर्वोपरि महत्व की घोषणा करते हुए अमेरिका से रूस, चीन से अर्जेंटीना तक समूचे विश्व की अथक यात्रा की। उन्होंने अपने लाखों देशवासियों को अपने संकीर्ण स्वार्थ को त्यागने और राष्ट्रीयता, समानता, एकजुटता और नैतिकता को अपनाने के लिए अपने जातिगत पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आत्म-भोग को त्याग दिया और सामाजिक विभाजन को दूर करने के लिए अथक प्रयास किया। विशेष रूप से उन्होंने विज्ञान और अध्यात्म के बीच की खाई को भरने की कोशिश की। रबीन्द्रनाथ टैगोर प्रेरणाएं इतनी विविधमुखी थी कि उनसे जीवन का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा। चाहे वह आपसी संबंध हो, सामाजिक संबंध हो, आर्थिक संबंध हो या राजनीतिक संबंध हो- हर तरह के जीवन को उन्होंने प्रेरक बनाने का उपक्रम किया। वे कभी घटना से, कभी शब्दों से, कभी क्रिया से, कभी पत्रों से, तो कभी किसी उदाहरण या संस्मरण से व्यक्ति की चेतना को झकझोर कर आदर्श और ज्ञान के प्रति अनुराग और जोश जगाते थे। वे इस कला में निष्णात थे कि कब किसको किन शब्दों में उचित प्रेरणा दी जाए।

रवीन्द्रनाथ टैगोर के पुरुषार्थी जीवन की एक पहचान थी गत्यात्मकता। वे अपने जीवन में कभी कहीं रुके नहीं, झुके नहीं। प्रतिकूलताओं के बीच भी अपने अपने लक्ष्य का चिराग सुरक्षित रखा। इसलिए उनकी हर सांस अपने दायित्वों और कर्तव्यों पर चौकसी रखती थी। खून पसीना बनकर बहता था। रातें जागती थी। दिन संवरते थे। प्रयत्न पुरुषार्थ बनते थे और संकल्प साधना में ढलते थे। यही कारण है कि आज उनके प्रयत्नों से न केवल भारतीय समाज बल्कि विश्व मानवता का जीवन प्रेरक बना है, सार्थक बना है और वे सभी उस महामानव को तहेदिल से याद करते हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> **जिस मनुष्य में लोभ है, उसे दूसरे दुर्गुणों की क्या आवश्यकता है।**
> **- भतृहरि**

## आज का इतिहास

- 1663 - लंदन में 'रॉयल'नाम का पहला थियेटर खुला।
- 1727 - रूस की महारानी कैथरीन प्रथम ने यूक्रेन से यहूदियों को बाहर करने का आदेश दिया था।
- 1832 - यूनान स्वतंत्र गणराज्य बना था।
- 1907 - बम्बई (अब मुंबई) में पहली इलेक्ट्रिक ट्राम कार का संचालन हुआ था।
- 1912 - कोलंबिया विश्वविद्यालय ने विभिन्न श्रेणियों में पुलित्जर पुरस्कार प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी। इसकी स्थापना जोसेफ पुलित्जर ने की थी।
- 1928 - ब्रिटेन में महिलाओं की वोट देने की आयु 30 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष कर दी गई।
- 1934 - फिलीपींस में विश्व में सबसे बड़े आकार का मोती मिला था।
- 1940 - विंस्टन चर्चिल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।
- 1973 - अरुणाचल प्रदेश की नई राजधानी की आधारशिला ईटानगर में रखी गई थी।
- 1975 - अमेरिका ने वियतनाम युद्ध की समाप्ति की घोषणा की।
- 1976 - एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को अपने आविष्कार का पेटेंट मिला जिसे उन्होंने टेलीफ़ोन का नाम दिया।
- 1989 - भारतीय मूल के लेखक सलमान रश्दी के ख़िलाफ़ ईरानी फ़तवे के बाद ब्रिटेन और ईरान के बीच राजनयिक सम्पर्क टूट गया।
- 1999 - स्काटलैंड संसदीय चुनाव में लेबर पार्टी को सफलता।
- 2000 - ब्लादिमीर पुतिन ने रूस के नये राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार सम्भाला।
- 2001 - पूर्वोत्तर ईरान में भयंकर बाढ़ आई।

## निशाना

**लिया है हमने ठान !**



-कृष्णेन्द्र राय

सोए नहीं मुनीर।
बिलख रहे शहबाज।।
अभी तो हमने कुछ भी।
किया नहीं आगाज।।
चालू गीदड़भभकी।
समझ नहीं कुछ आए।।
आने वाली आफत।
डर अब यही सताए।।
नहीं है कोई दोस्त।
आकर जो बचाए।।
ऐक्शन वाला पल।
कब किधर से आए।।
दुनिया भी अब मान गई।
लिया है हमने ठान।।
तय मिट्टी में मिलना।
नाम पाकिस्तान।।

# दिव्यांगजन कल्याण हेतु 'सक्षम' प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से भेंट कर विभिन्न विषयों की चर्चा

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. आशीष चटर्जी के नेतृत्व में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से भेंट कर दिव्यांगजन कल्याण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर सुश्री मीना से नर्मदापुरम जिले में दिव्यांग सेवा केंद्र प्रारंभ करने हेतु शासकीय भवन उपलब्ध कराने का निवेदन किया, जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही भवन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर भी उपस्थित रहीं।

सक्षम प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिले में पूर्व में संचालित अटल बाल पालक समूह के सदस्यों को जोड़ते हुए सामूहिक दिव्यांग विवाह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। कलेक्टर ने इस प्रस्ताव को सराहते हुए समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए। मेडिकल बोर्ड के आयोजन के समय सक्षम के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों को सहायता प्रदान करने के सुझाव का स्वागत किया गया। साथ ही सक्षम प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिला अस्पताल में आई कलेक्शन सेंटर स्थापित करने के निवेदन पर भी कलेक्टर ने विचार कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए आश्वस्त किया गया।



प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय एवं सेठानी घाट को दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित बनाने का निवेदन भी किया। सभी विषयों पर कलेक्टर ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए सक्षम के साथ समन्वय में कार्य करने का आश्वासन दिया तथा दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में सक्षम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने विभागीय स्तर पर हरसंभव सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

प्रतिनिधिमंडल में सक्षम के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह राजपूत, जिला सचिव दिनेश चौरे, उपाध्यक्ष विनोद मुद्गल एवं महिला आयाम प्रमुख श्रीमती अनीता दुबे शामिल रहीं।

## चमक अभियान से चमका रिजल्ट, नवाचारों का मिला परीक्षा परिणामों में लाभ

# इस बार भी बेटियों ने बाजी मारी

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024-25 के परिणाम 06 मई 2025 को जारी किये गये, नर्मदापुरम जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस वर्ष अप्रत्याशित रूप से वृद्धि दर्ज की गई। शासकीय विद्यालयों का कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम इस वर्ष 86.66 प्रतिशत रहा जो पिछले वर्ष की परिणाम 56.83 से 28 प्रतिशत अधिक हैं। इसी प्रकार कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम 83.06 रहा जो पिछले वर्ष के परीक्षा परिणाम 68.25 से 15 प्रतिशत अधिक रहा। नर्मदापुरम जिले ने कक्षा दसवीं के परिणामों में प्रदेश स्तर पर 8 वी रैंक प्राप्त की है। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में नर्मदापुरम जिला पूरे प्रदेश में 10वे स्थान पर रहा। विदित हो की यह परीक्षा परिणाम पिछले 5 वर्ष के परीक्षा परिणाम में सबसे अधिक है कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी समस्त प्राचार्य/शिक्षकों एवं प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा स्वयं रुचि लेते हुए विद्यालयो के परीक्षा परिणाम सुधार करने के लिए विभिन्न नवाचारों को प्रारंभ किया गया था। जिनमे से कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा परीक्षा परिणाम वृद्धि हेतु एक नवीन चमक अभियान संचालित किया गया था, जिसके अंतर्गत जिले के समस्त विषयों के उत्कृष्ट शिक्षकों का एक समूह बनाकर सभी प्राचार्यों को प्रति दिवस परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न भेजे जाते थे तथा प्राचार्यों द्वारा प्रति दिवस इन प्रश्नों के उत्तरों का अभ्यास विद्यार्थियों के द्वारा कराया जाता था, इसकी मॉनिटरिंग भी इन विषय विशेषज्ञों शिक्षकों के द्वारा निरंतर की जाती रही। जो विद्यार्थी प्रति दिवस इन प्रश्नों के उत्तर याद कर अच्छा प्रदर्शन करते थे उन छात्रों को प्राचार्यों के द्वारा पुरस्कृत भी किया जाता था।

इसके अतिरिक्त 3 माह तक जिले के विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की ड्यूटी भी प्रत्येक विद्यालय में लगाई गई, जो स्वयं प्रति सप्ताह इन विद्यालयों में पहुंचकर छात्रों की प्रगति की समीक्षा कर कलेक्टर को रिपोर्ट देते थे, जिले के कई विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है।

### जिले में टॉपर विद्यार्थी

नर्मदापुरम जिले में कक्षा दसवीं में आस्था पब्लिक स्कूल शोभापुर की छात्रा दिव्या पटेल ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार चैंपियन उमावि नर्मदापुरम की धानी चौरे ने एवं सत गुरु प्रसाद उमावि नर्मदापुरम की आराध्य मालवीय ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त। तृतीय स्थान पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिपरिया की रानी कहार एवं सीएम राइस पवारखेड़ा की शेफाली लोधी 97.40 प्रतिशत अंक के साथ रही।

कक्षा 12वीं में कला संकाय से सोना मेमोरियल नर्मदापुरम स्कूल की सौम्या चौरे 90.20 प्रतिशत अंक के साथ, विज्ञान संकाय में ब्राइट कैरियर उमावि पिपरिया के कृष्ण शर्मा 94.40 प्रतिशत अंक के साथ, कॉमर्स संकाय से पंडित रामलाल शर्मा नर्मदापुरम की प्रिया शर्मा 95.20 प्रतिशत अंक के साथ कृषि संकाय से सरस्वती ग्रामोदय उमावि पलिया पिपरिया के प्रशांत 94.60 प्रतिशत अंक के साथ शासकीय कन्या उमावि नर्मदापुरम की प्रियंका कहार गृह विज्ञान संकाय में 82.40 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही। इसी प्रकार कला संकाय से शासकीय उमवि रामपुर की वैशाली साहू 90 प्रतिशत के साथ विज्ञान संकाय के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उमावि केसला के लकी खान एवं मास्टरमाइंड उमावि पिपरिया की शिवानी साहू 94.80 ने प्रतिशत अंक के साथ, कॉमर्स संकाय अंतर्गत आस्था केथवास सेमेरिटर्न उमावि माखन नगर 94.80त्न अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। तृतीय स्थान पर विज्ञान संकाय से सरस्वती ग्रामोदय उमावि पलिया पिपरिया कि शिवानी शर्मा ने 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर सांसद एवं विधायकगणों ने दी शुभकामनाएं उन्होंने बधाई दी है।



### सैण्ट एसआरएस स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**गंजबासौदा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हायर सैकेण्डरी और हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणामों में स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के होनहार छात्र छात्राओं ने श्रेष्ठ अंकों के साथ शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। संस्था प्रबंधन सहित शिक्षक परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय में मिठाई खिलाकर बधाई दी है। प्रभारी प्राचार्य अनुज गुप्ता ने बताया कि हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में संस्था के कुल 74 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिनमें से 71 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 3 परीक्षार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की । वहीं परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। संस्था के छात्र प्रशांत चौधरी ने 96.8 त्न, छात्रा नैना धिंगानी ने 96.6त्न, एवं नितिका विश्वकर्मा ने 96.2त्न अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं हिन्दी माध्यम में दर्ज 31 परीक्षार्थियों में से 22 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसी तरह हायर सैकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में कुल 90 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें उच्चांक 93.4 त्न के साथ 67 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। संस्था डायरेक्टर केएस यादव, प्रबंधक सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, प्रबंध संचालक संघमित्रा यादव, प्रभारी प्राचार्य अनुज गुप्ता, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता सहित शिक्षक परिवार ने बधाई देते हुए सफल परीक्षार्थियों का अभिनंदन किया। इस दौरान संस्था के सफल परीक्षार्थी को शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया।

### आरती 10वीं में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम

**सिवनी मालवा।** शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूते हुए सिवनी की होनहार छात्रा कुमारी आरती राठौर ने कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर के साथ जिले का नाम गौरव से ऊँचा किया। उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सिवनी मालवा की शाखा द्वारा आरती के घर पर उन्हें सम्मानित किया गया। शाखा प्रबंधक संतोष शर्मा ने आरती को स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। उन्होंने कहा, आरती जैसी छात्राएं आने वाले भारत की दिशा और दशा तय करेंगी।बैंक ऑफ महाराष्ट्र न केवल आर्थिक सशक्तिकरण बल्कि शैक्षणिक प्रोत्साहन में भी सामाजिक दायित्व निभा रहा है। इस अवसर पर मौजूद अभिभावकों में नाना नानी पिता अखिलेश राठौर,अधिवक्ता कैलाश मालवीय, शहर व्यवसायी ज्ञानू जाट, शुभम लोवंशी ,शिक्षकों, बैंककर्मियों और गणमान्य नागरिकों ने आरती की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए, उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान आरती ने कहा की मेरे इस सफर में मेरे माता-पिता, शिक्षकों और परिवार का विशेष योगदान रहा है। मैं आगे चलकर बैंक अधिकारी बनकर समाज की सेवा करना चाहती हूँ।



# 12वीं की बोर्ड परीक्षा में काजल और पीयूष ने नगर में पाया प्रथम स्थान

### 10वीं में निखिल घोसी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर नगर का नाम किया रोशन

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ तेंदुखेडा नगर में कई छात्र छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया

तेंदुखेडा नगर में छात्रों की अपेक्षा छात्राओं ने ज्यादा अंक अर्जित किए है शिक्षकों ने सभी पास हुए छात्र छात्राओं को विदाई दी है साथ ही जो परीक्षा में असफल हुए है उनको आगे प्रयास करने की बात कही

### इनको मिला स्थान

तेंदूखेड़ा में कक्षा बारहवीं में छात्रओं में प्रथम स्थान पीयूष साहू ने प्राप्त किया है उन्होंने गणित विषय से 500 में से 462 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किए है उन्होंने बोर्ड परीक्षा में 92.4 प्रतिशत अंक प्रात किए है



पीयूष साहू कक्षा बारहवीं 92.4 प्रतिशत

इसी तरह पूरे नगर में छात्राओं में काजल यादव से सर्वाधिक अंक प्राप्त करके नगर और स्कूल का नाम रोशन किया है काजल यादव नगर की कन्याहाईस्कूल से अध्ययन कर रही थी उन्होंने कला संकलन से 500 में से 440 अंक प्राप्त कर 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और नगर का नाम रोशन किया है



काजल यादव कक्षा बारहवीं 88 प्रतिशत

### दसवीं में इनको मिला स्थान

10वीं में कई छात्र छात्राओं ने अच्छे अंक प्रात किए है निखिल घोसी ने नगर में कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक प्रात किए है उन्होंने 97.8 प्रतिशत अंक प्रात किए है निखिल घोसी नगर के ज्ञानदीप विद्याविहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र है सी एम राइज स्कूल सुजान त्रिपाठी ने कक्षा दसवीं में 93.6 अंक प्रात कर नगर और स्कूल का नाम रोशन किया है



निखिल घोसी कक्षा दसवीं 97.8 प्रतिशत



सुजान त्रिपाठी कक्षा दसवीं 93 प्रतिशत

कन्या हाई स्कूल में कक्षा दसवीं में मुनमुन साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है उन्होंने बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक अर्जित किए है

नगर के सी एम राइज स्कूल से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं में कुल स्टूडेंट्स की संख्या 87 थी जिसमे 56 प्रथम श्रेणी में पास हुऐ हैं जबकि 10वीं में कुल स्टूडेंट्स की दर्ज सख्या 85 थी जिसमे 54 प्रथम श्रेणी में पास हुये है

कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि स्कूल में कक्षा बारहवीं में काजल यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि कक्षा दसवीं में मुनमुन साहू को प्रात स्कूल हुआ है। प्राचार्य ने सभी बच्चों को बधाई दी है।

# पूर्व केंदीय मंत्री यादव का हुआ जोरदार स्वागत



**गंजबासौदा।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव का नगर प्रवास के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश माहेश्वरी के निवास पर पहुंचे जहां पर कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मंत्री यादव का जोरदार स्वागत किया। होटल पुख्यराज के संचालक राजेश माहेश्वरी परिवार ने शाल श्रीफल से स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय सनाढ्य ब्राह्मण परिषद द्वारा कथा व्यास का किया सम्मान

**गंज बासौदा।** अखिल भारतीय सनाढ्य ब्राह्मण परिषद द्वारा जानकी मंदिर पठारपुरा में श्री राम चरित मानस कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा व्यास पंडित श्याम सुंदर शास्त्री का शाल श्री फल भेंट कर सम्मानित किया

इस अवसर पर सनाढ्य ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष दीपक तिवारी, दिनेश दंडोतिया, भरत पाठक , अरविंद अवस्थी , शिव नारायण गोस्वामी , केलाश नारायण शर्मा , सुनील बाबू पिंगले,शिव मोहन पाराशर ,राधेश्याम शर्मा वरूण चौबे, दीपक पाराशर आदि उपस्थित थे।

# भागवत कथा के लिए आयोजित हुई बैठक

### प्रशासनिक अफसरों ने किया कथा स्थल का निरीक्षण

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

गंज हनुमान मंदिर पर भागवत कथा का आयोजन 11 मई से 17 मई तक किया जा रहा है। जिसकी कलश यात्रा 10 मई को शीतला माता मंदिर से निकाली जाएगी। भागवत कथा में सुप्रसिद्ध कथा वाचक श्री कृष्णचंद्र ठाकुर द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। कथा का आयोजन गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी जी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। जिसके लिए एक आवश्यक प्रशासनिक बैठक सोमवार को गंज हनुमान मंदिर पर आयोजित की गई।

बैठक में महंत महेश्वर दास त्यागी के साथ विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगरपालिका में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, एसडीएम विजय राय, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनोज मिश्रा, देहात थाना टीआई आशुतोष सिंह सहित लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने कथा स्थल का निरीक्षण भी किया।



सात दिवसीय भागवत कथा और श्रीराम यज्ञ के साथ साथ 18 मई को होने वाले विशाल नगर भंडारे की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं को बैठने के लिए सुरक्षा व्यवस्थाएं भी देखीं। और अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम को भव्य एवं सुरक्षित बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखें।

## महाविद्यालय में अव्यवस्थाओं को लेकर अभाविप ने विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**गंज बासौदा।** सुभद्रा शर्मा महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। लेकिन यहाँ की अव्यवस्थाएँ छात्रों के लिए परीक्षा देना किसी संघर्ष से कम नहीं बना रही हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस गंभीर विषय पर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए स्थिति की शीघ्र जाँच और सुधार की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि परीक्षा केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का अत्यधिक अभाव है जिनमें प्रमुख रूप से पीने के पानी में कीड़े पाए गए जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। परीक्षा कक्षों में पंखों की कमी के कारण भीषण गर्मी में छात्रों की हालत बिगड़ रही है।

**मेट्रो एंकर** जनसुनवाई में प्राप्त हुए 74 आवेदन

# अपर कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, समयसीमा में निराकरण के अधिकारियों को निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। अपर कलेक्टर डीके सिंह तथा डिप्टी कलेक्टर संपदा शराफ़ ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए 74 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई जिसमें आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।



मंगलवार को जनसुनवाई में आए अन्ना खताविया निवासी बागरा-रोड तालाब मोहल्ला माखन नगर, नर्मदापुरम ने आवेदन देते हुए बताया के उनके जमीन का पट्टा बनवाने के लिए आवेदन दिया गया था ,परन्तु आज दिनांक तक पट्टा बनने की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसकी वजह से उन्हे परेशानी हो रही है, उन्होंने जल्द से जल्द पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

एक अन्य मामले में अशोक कुमार निवासी ग्राम-मनवाड़ा तहसील माखन-नगर नर्मदापुरम ने बताया कि उन्होंने 176 क्विंटल गेहूं की फसल श्री राधे वेयरहाउस को बचा था, जिसकी बकाया राशि का भुगतान एक माह पश्चात भी नहीं हो पाया है। जिसके कारण उन्हें कृषि कार्य में परेशानी हो रही है, आवेदन प्रस्तुत करते हुए गेहूं उत्पादन की राशि के भुगतान हेतु उचित कार्रवाई करने की मांग की। मामले की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र भुगतान करने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई के दौरान नीता कटारे एवं ललित कटारे शासकीय ग्रह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं समग्र आईडी में जाति सुधार करने के लिए सचिव को कई बार आवेदन देने के बाद भी सुधार नहीं हो रहा है, जिसकी वजह से उन्हें स्कॉलरशिप फॉर्म भरने में दिक्कत आ रही है। आवेदन देते हुये उन्होंने जाति प्रमाण-पत्र को शीघ्र ठीक कराने के लिए आवेदन दिया।

हेमंत गौर वार्ड नंबर 16 नर्मदापुरम निवासी द्वारा नल-जल योजना के तहत वार्ड नंबर 16 पीली खंती में नल लगाए गए थे,लेकिन विगत दो वर्षों से पानी नहीं आ रहा है जिसके कारण वार्ड-वासियों में पानी को लेकर बहुत दिक्कत हो रही है जल्द से जल्द सुधार करने हेतु आवेदन दिया। इसी प्रकार अपर कलेक्टर श्री सिंह ने अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की। अपर कलेक्टर डीके सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवेदकों की समस्याओं का समाधान समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्रीमति डॉ बबीता राठौर, तहसीलदार देवशंकर धुर्वे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आपदा से निपटने मॉक ड्रिल: व्हीसी का आयोजन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिले में ऑद्योगिक आपदा प्रबंधन विषय पर राज्य स्तरीय टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में किया गया। रासायनिक औद्योगिक आपदा पर प्रशासनिक तैयारी का प्रदर्शन बुधवार 7 मई की प्रातः 9.30 से 12 बजे के मध्य किया जाएगा। इसके लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विदिशा की अडानी फेक्ट्री को चिन्हित किया गया है।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित बैठक में एनडीएमए और एसडीएमए के अधिकारियों द्वारा व्हीसी के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्रदाय की गई। बताया गया कि प्रदेश के 16 जिलों को चिन्हित किया गया है जिनमें से 10 जिलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा चुका है आज उक्त व्हीसी में विदिशा सहित छह जिलों को दिशा-निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए।



इस अवसर पर बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चौबे, विदिशा एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, होमगार्ड डिस्ट्रिक कमांडेंट श्री मयंक जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि बुधवार सात मई को आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल के माध्यम से औद्योगिक आपदाओं से निपटने के लिए राहत और बचाव कार्य का अभ्यास किया जाएगा। अडानी फेक्ट्री में होने वाले इस प्रदर्शन में विभिन्न विभागों की ऐजेंसियां भी शामिल होंगी। इस मॉक ड्रिल का उद्येश्य औद्योगिक आपदाओं की स्थिति में प्रशासनिक तैयारी को परखना एवं आम जनों में जागरूकता बढ़ाना है।

### नागरिकों को सूचना

औद्योगिक आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विदिशा, फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन सहित आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियां भाग लेंगी। इस मॉक ड्रिल की सूचना आसपास के नागरिकों को दी गई है ताकि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना आम नागरिकों को ना करना पड़े।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में बेटियां फिर अव्वल

# 12वीं में अर्चना ने 97%, मसिरा खान ने 10वीं में 94.60% अंक प्राप्त किए

### आमखेड़ा सूखा स्कूल की छात्रा अर्चना ने जिले का नाम रोशन किया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम आज घोषित किए गए हैं। प्रदेश स्तरीय मैरिट सूची में विदिशा जिले की 12वीं कक्षा की छात्रा कुमारी अर्चना अहिरवार ने प्रदेश में तृतीय स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है। विदिशा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमखेड़ा सूखा, नटेरन की कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी अर्चना अहिरवार पुत्री पैजन सिंह ने कला समूह में 500 में से 487 अंक प्राप्त करते हुए 97 प्रतिशत के साथ मप्र मैरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा के कला संकाय वर्ग में प्रदेश की मैरिट सूची में तीसरा स्थान हासिल करने पर कुमारी अर्चना अहिरवार के स्कूल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमखेड़ा सूखा में पहुंचकर ख्याति अर्जित करने पर छात्रा को मिष्ठान खिलाकर बधाईयां देते हुए जिले का नाम गौरवान्वित करने पर छात्रा और संस्थान के सभी को शुभकामनाएं अभिव्यक्त की हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



**आश्यचर्य परिणाम से संस्था अभिभूत है** –नटेरन विकासखण्ड की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमखेड़ा सूखा में कक्षा बारहवीं की छात्रा कुमार अर्चना अहिरवार समीप के कस्तूरबा छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही थीं। संस्था के गुरूजनों का कहना है कि कक्षा में सबसे पीछे बैठने वाली अपने काम से मतलब रखने वाली और सदैव पढ़ाई के लिए ललायक रहने वाली अर्चना के आश्चर्यजनक परिणामों से संस्था अभिभूत है।

कुमारी अर्चना अहिरवार के पिता पैजनसिंह अहिरवार ने बताया कि उनके पांच बच्चे हैं जिनमें तीन लड़कियां ओर दो लड़के हैं। अर्चना का झुकाव शुरू से ही पढ़ाई की तरफ था। यही कारण है कि छात्रावास में रहकर हम लोग निश्चिंत रहते थे। मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले पैजनसिंह ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी नीमा अहिरवार विजयाराजे सिंधिया नोडल गर्ल्स कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुऐशन कर रही हैं। पुत्र शेखर अहिरवार मोहनपुरा के कॉलेज में अध्ययन कर रहा है। उनसे छोटी अर्चना है और ममता दसवीं में है और सबसे छोटा पुत्र आठवीं में अध्ययनरत है। पिता का कहना है कि मैं स्वयं नहीं पढ़ पाया किंतु पढ़ाई के महत्व को में अच्छे से जानता हूं। शासन की अनेक योजनाओं का लाभ बच्चों को पढ़ाई करने में मिल रह है। अर्चना ने पूरे खानदान का नाम रोशन कर दिया है।

प्रदेश की मैरिट सूची में तीसरा स्थान हासिल करने वाली कुमारी अर्चना अहिरवार का कहना है कि मैं आईएएस बनना चाहती हूं इसके लिए अभी से तैयारियां कर रही हूं ओर कॉलेज की पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती रहूंगी। अर्चना ने कहा कि कड़ी मेहनत से हम अपने मुकाम को पा सकते हैं इसमें गुरूजनों का मार्गदर्शन मिलने से शिक्षा प्राप्ति में सहूलियतें होती हैं। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिला और मैं इस मुकाम पर पहुंची हूं।

### शासकीय हाईस्कूल इकलौद की छात्रा मसिरा खान सिरोंज की टॉपर बनी

मसिरा खान ने हाईस्कूल परीक्षा में 94.60 प्रतिशत अंकों के साथ सिरोंज टॉप किया परिजनों में दिखा खुशी का माहौल

सिरोंज । माध्यमिक शिक्षा मंडल के घोषित हुए बोर्ड परीक्षा परिणाम में सिरोंज विकासखंड से इकलौद स्कूल की छात्रा मसिरा खान ने पूरे विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा गणित में 100 में से 100 अंक लाकर इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षक छात्र एवं बच्चे के माता पिता में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रा के पिता रफत मियां ने बताया कि बेटी ने बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट परिणाम के लिए स्कूल के अलावा भी घर पर 4-4 घंटे सुबह शाम अध्ययन करती थी और रोज जो टॉपिक स्कूल में पढ़ाए जाते उनपर विशेष फोकस करते हुए उनका रिवीजन बार बार करके पढ़ाई करती थी। गणित विषय में आशुतोष सर ने छोटे छोटे सवालों को भी बहुत बारीकी से समझाकर विशेष जोर दिया जिससे बेहतर अंक आ सके। छात्रा मसिरा से बात की तो उसने रिजल्ट देखकर हुई खुशी का इजहार करते हुए बताया कि इकलौद हाईस्कूल के शिक्षकों की टीम इतनी अच्छी है कि एक एक विषय के टॉपिक को भी गहराई से समझाते थे और प्राचार्य सर का प्रबंधन भी इतना अच्छा था कि वन टू वन सभी छात्रों से छुट्टी से पूर्व फीडबैक लेना और पढ़ाई में आने वाली दिक्कतों पर चर्चा करते थे। इसी वजह से हमें भी आनंद और प्रसन्नचित वातावरण में पढ़ने में मजा आने लगता जिससे हम ज्यादा से ज्यादा मेहनत कर पाए। साथ ही परीक्षा से पूर्व 3 वर्ष के प्रश्नपत्रों को हल करके तथा , पूर्व टॉपर्स की कॉपियों का अवलोकन किया और अर्द्ध वार्षिक परीक्षा में हुई गलतियों में सुधार किया जिससे मेरे परिणाम के काफी सुधार हुआ। इसके लिए मेरे माता पिता, शिक्षकों और प्राचार्य जी को धन्यवाद दिया। प्रदेश टाइम्स संवाददाता द्वारा करियर को लेकर पूछे जाने पर मसिरा ने बताया कि में बड़ी होकर डॉक्टर बनाना चाहती हूं। जिसके लिए मैने अभी से ही प्रिपरेशन भी शुरू कर दी हैं। शिक्षक आशुतोष शर्मा ने बताया कि बिटिया ने माता पिता स्कूल और सिरोंज का नाम रोशन किया है। जिसके लिए वह बधाई की पात्र हैं। साथ ही हमारे विद्यालय की ही एक छात्रा सिमरन दांगी भी 92.40 प्रतिशत के साथ श्रेष्ठ परिणाम देकर गौरवान्वित किया है। संस्था का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा हैं। और सभी बच्चें प्रथम श्रेणी, और द्वितीय श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए है। यह भी ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूल के लिए गौरव की बात हैं।



## तहसील कार्यालय में पटवारी पड़े थे नशे में , तहसीलदार ने करवाया मेडिकल, होगी करवाई

**सिरोंज।** मंगलवार को तहसील कार्यालय को शर्मसार करने वाला घटनाक्रम भी सामने आया जहां एक पटवारी नशे में चूर होकर तहसील परिसर के अंदर पेड़ के नीचे चबूतरे पर बेसुधा पड़े हुए थे। इसकी जानकारी लगने पर तहसीलदार संजय चौरसिया ने अपने चौकीदारों की सहायता से एंबुलेंस से पटवारी को शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में मेडिकल के लिए भेजा जहां पर जांच के बाद बीएमओ डॉक्टर विकास सिंह बघेल ने बताया कि पटवारी अनूप खरे की मेडिकल में अल्कोहल आई है। वहीं यह जानकारी के अनुसार यह शराब के शौकीन बताई जा रहे हैं प्रतिदिन को इसकी जरूरत लगती है पटवारी काम तो करते नहीं है इसके चलती है तहसील कार्यालय अटैक थी यहां भी है अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। तहसीलदार संजय चौरसिया बताएं कि मेडिकल के बाद शराब का सेवन पाया जाता है। जैसे ही मेडिकल रिपोर्ट आएगी उसके बाद संबंधित पटवारी पर शासकीय नियमों के विपरीत ड्यूटी के दौरान नशा करने पर शासन के नियमों के तहत संबंधित पटवारी पर कार्रवाई भी की जाएगी पटवारी महोदय कई घंटे तक शराब में धुत्त होकर इसी तरह पड़े रहे ऐसी हालत पहले भी हैं बन चुके हैं। ड्यूटी के दौरान इस तरह की लापरवाही बहुत ही निंदनीय है जिम्मेदारों अधिकारियों को ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।



## 11 बजे बाजार बंद तो डीजे क्यो नही हो रहे बंद

**सिरोंज** । देखा जाए कि सिरोंज पुलिस इन दिनों बाजार बसस्टेंड हो या कोई अन्य बाजार सख्ती के साथ रात्रि 11 बजें बंद करा दिया जाता है । लेकिन देर रात्रि तक डीजे क्यो बंद नही हो रहे है यह समझ से परे है देखा जाए कि रात्रि में यात्री बसे नगर से भोपाल गुना आरोन षिवपुरी इंदौर आदि मार्गो पर चलती है यात्रियों का आने जाने का सिलसिला जारी रहती है लेकिन जब पुलिस बसस्टेंड पर ही दुकानों को सख्ती के साथ बंद करा देती है तों जों यात्री इस नगर से गुजर के जाते है तों यहा तों सब कुछ बंद नजर आता है । जिससे यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेषानियों का सामना करना पडता है । वही रात्रि में तेज आवाज से डीजे संचालित हो रहे है लेकिन पुलिस द्वारा इन डीजे संचालको पर कोई कार्यावाही देखने को नही मिल रही है । जिससे नगर में तरह तरह की बाते निकल के सामने आ रही है ।



## हवा से फिर बिजली सप्लाई हुई बाधित

**सिरोंज।** पिछले तीन दिनों से लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। बादलों के साथ दोपहर के बाद तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश आंधी भी चल रही है इस कारण से नुकसान भी हो रहा है गर्मी से भी राहत मिली हुई है।मंगलवार को भी इसी तरह शाम के समय काफी देर तक धूल भरी आंधी चलने से वाहन चालकों को परेशानी हुई दूसरी और बैनर पोस्टर के साथ बिजली लाइनों में फाइट होने से कई घंटे तक नगर की बिजली सप्लाई बंद रही इसके चलते लोगों पानी के लिए परेशान हुए वहीं तीन दिनों से बादलों की लुकाछिपी के साथ हल्की बारिश होने के चलते तापमान में गिरावट होने से गर्मी से राहत मिली हुई है। नहीं तो गर्मी के कारण लोगों की हालत खराब हो रही थी घरों से निकलने में मुश्किलों का सामना करना पढ़ रहा था दूसरी ओर इन दिनों शादियों का दौर चल रहा है अचानक से मौसम में बदलाव के बाद आंधी और बारिश आने से बर वधू पक्ष के लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिन किसानों ने प्याज की फसल लगाई थी उसकी खुदाई भी चल रही है हल्की बारिश और तेज बारिश होने से इने भी कठिनाईका सामना करना पड़ पानी लगने से प्याज खराब होने का डर सता रहा है।



## हज के मुकद्दस सफर पर जा रहे डॉ. राशिद को समाजजनों दी मुबारकबाद

**सिरोंज** । नगर के वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. राशिद हज के मुकद्दस सफर पर रवाना हो रहे हैं। जिसकी बदौलत लगातार उनके निवास पर लोगों का आना जाना लगा हुआ है । इसी क्रम में आज समाज जनो ने उनके निवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। साथ ही हार फूल पहनाकर उन्हें मुबारकबाद दी । इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सईद खान कांग्रेस नेता सादिक कुरैशी वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलीम गौरी युवा पत्रकार इरफ़ान मंसूरी कांग्रेस नेता राजेश दिनकर मुख्य रूप से मौजूद रहे।



## 5 में तक 202526 टन गेहूं बिका

**सिरोंज।** विदिशा जिले में 5 मई तक रबी विपणन वर्ष में गेंहू विक्रय हेतु 60969 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराए गए हैं, जिसमें से 187 खरीदी केन्द्रों पर 54442 किसानों से मात्रा 562139 मैट्रिक टन की 1461.56 करोड़ खरीदी की गई है। जिसके विरूद्ध 50661 किसानों को राशि रुपये 1299 करोड़ का भुगतान किसानों के बैंक खातों में हो गया है। खरीदी मात्रा 562139 मैट्रिक टन के विरूद्ध मात्रा 545199 मैट्रिक टन का सुरक्षित भण्डारण करा लिया गया है। विदिशा जिले में 05 मई तक रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर, सरसों विक्रय हेतु 23430 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराये गए हैं।

## कलेक्टर ने कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा



**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शमशाबाद में जनसुनवाई कार्यक्रम के उपरान्त नगर परिषद में संचालित विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण कर जायजा लिया है। उन्होंने पुरानी तहसील कार्यालय में पहुंचकर नवीन भवनों के बनाए जाने हेतु जीर्ण-शीर्ण भवन को डिस्मेंटल कर नवीन भवन बनाए जाने निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर शमशाबाद नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती भारती प्रदीप माहेश्वरी भी मौजूद रहीं।

## जनसुनवाई में विभाग प्रमुख नही दिखा रहे दिलचस्पी!

- वन विभाग बिजली विभाग पीएचई सिंचाई विभाग कृषि विभाग के जिम्मेदार नही पहुँचते जनसुनवाई में

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

जिला कलेक्टर द्धारा टीएल बैठक में हमेशा जनसुनवाई को लेकर दिशा निर्देश दिये गये है । लेकिन एसडीएम द्धारा इस बात को लेकर सिर्फ नोटिस देकर जवाब प्रस्तुत करने की बात कहते नजर आते है । वही देखा जाए कि जनसुनवाई में आज भी कई विभाग प्रमुख नदारत दिखाई दिए जिस विभाग से संबंधित आवेदन आया लेकिन उस विभाग का अधिकारी जनसुनवाई में ही नही पहुँचे जिससे एसडीएम द्धारा उस विभाग कों आवेदन भेजते है जिससे मोके पर निराकरण नही हो पाता है । वही जनसुनवाई में सुरेश शर्मा पुत्र बद्रीप्रसाद शर्मा निवासी बेरखेडी ने आवेदन देते हुए बताया कि केन्द्र पर मसूर तुलाई के लिए ले गया था लेकिन केन्द्र पर उपस्थित मोनू महाराज सुरेष महाराज द्धारा बोले हमारी शिकायत कर लों जाओ हम आपकी मसूर नही तोलेगे अगर तोलेगे तों हमको 300रू देना होगे कार्यावाही की मांग प्रार्थी द्धारा की गई है । वार्ड 17 के वार्डवासियों नें जनसुनवाई में एक आवेदन देते हुए बताया कि चन्द्रकला जाटव द्धारा शासकीय आने जाने के रास्ते पर



**मेट्रो एंकर** नवाचार तहत विकासखंड मुख्यालयों पर जिलाधिकारी भी सुन रहे आवेदकों की समस्याएं

# कलेक्टर ने विकासखंड मुख्यालय पर आवेदनों का किया निराकरण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम को और अधिक सहज एवं कारगर बनाने के उद्येश्य से अब खंड मुख्यालयों पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में स्वयं शामिल हो रहे हैं और अधीनस्थ जिलाधिकारियों को शामिल होने की व्यवस्थाएं क्रियान्वित की हैं।

कलेक्टर द्वारा किए गए नवाचारों से विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष पहल की जा रही है। नवाचारों से ग्रामीण जन लाभान्वित हो रहे हैं अब उन्हें मंगलवार को अपनी समस्याओं के निदान हेतु जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। अधिकारी स्वयं खंड मुख्यालयों पर उनकी समस्याओं का समाधान जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से कर रहे हैं।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा किए गए नवाचार के तहत पहली खंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम शमशाबाद के पीएम श्री नवोदय विद्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित की गई थी जिसमें कलेक्टर ने स्वयं आवेदकों से आवेदन प्राप्ति कर मौके पर निराकरणों की कार्यवाही प्रस्तावित कराई है। जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी संतोष बिटोलिया के अलावा सभी विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्टर अंशुल गुप्ता के समक्ष खंड स्तर पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 68 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। मौके पर 19 आवेदनों का निराकरण किया गया 11 आवेदनों के निराकरण हेतु जांच दल टीम गठित की गई है जिसमें अपर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों को टीम में शामिल किया गया है।

जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम बम्होरी की श्रीमती रामबाई ने वृद्धावस्था पेंशन का आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मौके पर ही आवेदन का परीक्षण कराया और सम्पूर्ण कार्यवाही संपादित कराने के उपरांत आवेदिका श्रीमती रामबाई को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति आवेदक प्रदाय किया गया है और आवेदिका को अवगत कराया गया है कि इस माह की पेंशन राशि उनके बैंक खाते में जमा हो जाएगी।

ग्राम रूसल्ली के दिव्यांग आवेदक मुकेश ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए मोटराईज्ड ट्राय सायकिल दिलाए जाने का आव्हान किया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आवेदन को संज्ञान में लेते हुए सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से मोटराईज्ट सायकिल प्रदाय कराने का प्रकरण तैयार कराया गया है आवेदक को अवगत कराया गया है कि एडिप योजनांतर्गत मोटराईज्ड ट्राय सायकिल प्रदाय कराने की कार्यवाही शीघ्र संपादित की जाएगी।

## खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 (बिहार)

# मलखंभ टीम चैंपियनशिप बालक वर्ग में मिला स्वर्ण

» 10 मी. शूटिंग में युगप्रताप ने जीता कांस्य पदक

» खेल मंत्रीविश्वास कैलाश सारंग ने दी पदक विजेता खिलाडियों को बधाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 का अयोजन दिनांक 04 -15 मई 2025 तक पटना (बिहार) में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेष 18 खेलों में 176 खिलाड़ी और 53 सपोर्ट स्टॉफ सहित कुल 229 सदस्यीय दल प्रतिभागिता कर रहे है। प्रतियोगिता बिहार में पटना, राजगीर, भागलपुर,नई दिल्ली, गया में आयोजित हो रही है। मध्य प्रदेश के खिलाडियों ने अब तक एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक आर्जित किया है, मध्य प्रदेश मैडल टैली में सातवें स्थान पे है।**



खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने पदक विजेता खिलाडियों को बधाई दी है, उन्होंने राज्य खेल मलखम्ब के खिलाडियों के इस प्रदर्शन की मुक्त कंठ से सराहना की है उन्होंने आशा व्यक्त की है मलखंभ खिलाडी इस प्रतियोगिता में भी अपने शानदार प्रदर्शन से प्रदेश को गौरान्वित करेंगे। उन्होंने सभी खिलाडियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विस्तृत परिणाम

मध्य प्रदेश के खिलाडियों ने मलखंभ में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मध्य प्रदेश 123.60 अंको के साथ यह स्वर्ण पदक जीता, महाराष्ट्र 122.50 के साथ द्वितीय और छत्तीसगढ़ 122.05 के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया7 मध्य प्रदेश की टीम के खिलाडियों के नाम इस प्रकार हैं - देवेन्द्र पाटीदार, यतिन कोरी, युवराज राव, नीरज काछावा, जयंत राठौर, और दक्ष कहार। आज महिला टीम टीम इवेंट की प्रतियोगिता में प्रतिभागिता कर रही है, देर रात तक परिणाम आने की संभावना है। मध्य प्रदेश के युगप्रताप सिंह राठौर ने व्यक्तिगत बालक वर्ग 10 मी. पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक अपने नाम किया। इसी प्रतियोगिता में राजस्थान के मयंक चौधरी ने स्वर्ण और चंडीगढ़ के धैर्य पराशर ने रजत पदक आर्जित किया।

### अन्य परिणाम -

» गतका में बालिका फारी सोत्ती टीम प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम ने चंडीगढ़ की टीम को कवाटर फाइनल मुकाबले में हरा कर सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

» ट्रैप बालक वर्ग में आज तीन राउंड के मुकाबले खेले गए, जिसमे मध्य प्रदेश के खिलाडियों की पोजीशन इस प्रकार है -

सैयद अली - तीसरी पोजीशन
दीर्घ चौहान - सातवी पोजीशन
मनित्वा सिंह रावत - ग्यारवी पोजीशन
नवजीत बिश्नोई - तेहरवी पोजीशन
रुस्तम पुखाम्बम - चौदहवीं पोजीशन

### चौथे और पांचवे राउंड के मुकाबले कल होंगे

ट्रैप बालिका वर्ग में आज तीन राउंड के मुकाबले खेले गए, जिसमे मध्य प्रदेश के खिलाडियों की पोजीशन इस प्रकार है -

| | |
|---|---|
| पूनम रघुवंशी | चौथी पोजीशन |
| हिना रश्मि बैरवा | आठवी पोजीशन |
| अनन्य मौर्या | ग्यारवी पोजीशन |

### चौथे और पांचवे राउंड के मुकाबले कल होंगे

उल्लेखनीय है की निम्नलिखित खेलो में मध्यप्रदेश के खिलाडी प्रतिभागिता कर रहें है= 1. कुश्ती, 2. जूडो, 3. फेंसिंग, 4. हॉकी, 5. आर्चरी, 6. षूटिंग, 7. बास्केटबाल, 8. सेपकटकरा, 9. वेटलिफ्टिंग, 10. मलखंब, 11. कलरिपयाटटू, 12. योगासन, 13. गटका, 14. स्वीमिंग, 15. थांग-ता, 16 जिम्नासिटक,17 बॉक्सिंग और एथेलेटिक्स। संचालक खेल और युवा कल्याण, श्री राकेश गुप्ता ने भी पदक विजेता खिलाडियों को बधाई दी है, आशा व्यक्त की है मध्य प्रदेश इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

## आईपीएल 2025 प्लेऑफ समीकरण :जानें सीएसके, आरआर, एसआरएच कैसे बिगाड़ेंगी खेल

# 3 का सफर खत्म, टॉप-4 की रेस में बची हैं 7 टीमें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीगआईपीएल 2025 के प्लेऑफ में पहुंचने की रेस अब तेज हो गई है। इस साल का मुकाबला अपने अंतिम चरण में है। सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया। इसके साथ ही एसआरएच, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बाद रेस से बाहर होने वाली तीसरी टीम बन गई है। हालांकि, सात अन्य टीमों के पास अभी भी टॉप 4 में पहुंचने का मौका है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अभी सबसे आगे है। लेकिन पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए कड़ी टक्कर है। आईपीएल 2025 में कौन सी टीम प्लेऑफ में कैसे पहुंच सकती है, आइए जानते हैं...

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का आईपीएल प्लेऑफ समीकरण

मैच- 11, अंक: 16, नेट रन रेट: 0.482
शेष मैच: एलएसजी , एसआरएच , केकेआर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) प्लेऑफ में जगह बनाने की सबसे प्रबल दावेदार है। रजत पाटीदार की टीम ने 11 मैचों में 16 अंक हासिल किए हैं। उन्हें टॉप 4 में जगह बनाने के लिए सिर्फ एक और जीत की जरूरत है। दो और जीत उन्हें टॉप 2 में पहुंचा सकती हैं।




### गुजरात टाइटंस का आईपीएल प्लेऑफ समीकरण

मैच: 10, अंक: 14, नेट रन रेट: 0.867, बचे मैच: एमआई , डीसी , एलएसजी , सीएसके

गुजरात टाइटंस (जीटी) ने अभी तक सिर्फ 10 मैच खेले हैं। उनके पास 14 अंक हैं। उन्हें टॉप 4 में जगह बनाने के लिए बाकी 4 मैचों में से सिर्फ 2 जीतने हैं। इससे वे दूसरी बार आईपीएल खिताब जीतने की ओर एक बड़ा कदम बढ़ा सकते हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स का आईपीएल प्लेऑफ समीकरण

मैच: 11, अंक: 13, नेट रन रेट: 0.362, बचे मैच: पीबीकेएस, जीटी, एमआई

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। इससे डीसी के प्लेऑफ में पहुंचने के सपने को झटका लगा है। लेकिन वे अभी भी अपने बाकी 3 मैचों में से कम से कम 2 जीतकर टॉप 4 में जगह बना सकते हैं।

### कोलकाता नाइटराइडर्स का समीकरण

**मैच: 11, अंक: 11, नेट रन रेट: 0.249**
**बचे मैच: सीएसके, एसआरएच, आरसीबी**

कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए स्थिति बहुत सीधी है। उन्हें अपने बाकी तीनों मैच जीतने होंगे। इससे उनके 14 मैचों में 17 अंक हो जाएंगे। लेकिन यह भी काफी नहीं हो सकता है। ऐसे में उनकी किस्मत नेट रन रेट और दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर करेगी।

### लखनऊ सुपर जायंट्स का समीकरण

**मैच: 11, अंक: 10, नेट रन रेट: -0.469**
**बचे मैच: आरसीबी, जीटी, एसआरएच**

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आगे का रास्ता सबसे कठिन है। अपने बाकी 3 मैचों में जीत उन्हें 16 अंकों तक पहुंचा देगी। उनका क्वालीफाई करना पूरी तरह से दूसरे परिणामों पर निर्भर करेगा।

## आईपीएल में आज आमने-सामने होंगे केकेआर-सीएसके

# धोनी के रंग में रंग सकता है ईडन गार्डन्स माही इस मैदान में खेलेंगे आखिरी मैच

**कोलकाता , एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में ईडन गार्डन्स महेंद्र सिंह धोनी की पीली जर्सी के रंग में रंग सकता है जो संभवतः इस ऐतिहासिक मैदान पर आखिरी बार खेलेंगे। पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है लेकिन धोनी का जलवा अभी पहले की तरह बरकरार है और केवल उनकी उपस्थिति से ही नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान पीले रंग में रंग सकता है।

कोलकाता ऐसा शहर है जिससे धोनी के करीब भी संबंध रहे हैं। उनकी ससुराल पक्ष के लोग इसी शहर में रहते हैं और उन्होंने जूनियर क्रिकेट में अपना अधिकतर समय इसी शहर में बिताया है। ऐसे में बुधवार का दिन इस 43 वर्षीय खिलाड़ी और उनके प्रशंसकों के लिए भावनात्मक हो सकता है। ईडन गार्डन्स धोनी की कई उपलब्धियों का गवाह भी रहा है जिनमें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहला शतक और टेस्ट क्रिकेट में दो शतक भी शामिल हैं। उन्होंने यहां क्लब क्रिकेट भी खेला है, जिसमें शामबाजार क्लब के लिए यादगार पी सेन ट्रॉफी फाइनल भी शामिल है। धोनी का प्रदर्शन अब पहले की तरह आकर्षक नहीं रहा है लेकिन उनके चाहने वालों का उनके साथ भावनात्मक लगाव है और इसलिए वे बड़ी संख्या में यहां पहुंच सकते हैं। चेन्नई की टीम पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से दो रन से हार गई थी। धोनी ने इस मैच में आठ गेंद पर 12 रन बनाए लेकिन वह अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर आउट हो गए जिससे चेन्नई की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई थी। धोनी ने मैच के बाद हार की जिम्मेदारी ली थी।



### टीम इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** एमएस धोनी (कप्तान, विकेटकीपर), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, सी आंद्रे सिद्धार्थ, वंश बेदी ।

## ये 5 खिलाड़ी हैं इमर्जिंग प्लेयर की रेस में सबसे आगे

# कोई बल्ले तो कोई कातिलाना गेंदबाजी से मचा रहा कहर




**नई दिल्ली , एजेंसी**

आईपीएल में हर साल कुछ यवा खिलाड़ी आते हैं और अपने खेल के दम पर छा जाते हैं। इस बार भी कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं, जो गेंद और बल्ले से कोहराम मचा रहे हैं। बीसीसीआई ने ऐसे युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अलग से एक कैटेगिरी 'इमर्जिंग प्लेयर' की बना रखी है, जिसमें इस बार एक अप्रैल 1999 के बाद जन्मे प्लेयर्स को कंसीडर किया जाएगा। इस रेस में दिग्वेश राठी सहित 5 खिलाड़ी सबसे आगे हैं।

**नूर अहमद-** अफगानिस्तान के युवा नूर अहमद चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं। इस सत्र में इस मिस्ट्री स्पिनर ने 8.1 की किफायती इकॉनमी रेट से 16 विकेट झटके हैं।

**साई सुदर्शन-** गुजरात टाइटंस के इस होनहार ओपनर के नाम एक बढ़कर एक मैच विनिंग पारियां हैं। पिछले सीजन भी छाए रहे थे, जबकि इस सीजन अभी तक 154 के स्ट्राइक रेट से 504 रन बना चुके हैं।

**दिग्वेश राठी-** लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार स्पिनर दिग्वेश राठी की बलखाती गेंदों के आगे टिक पाना हर किसी के लिए आसान नहीं है।

**नेहल वढेरा-** मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके नेहल फिलहाल पंजाब किंग्स में हैं। विस्फोटक बैटिंग के लिए मशहूर यह बल्लेबाज थोड़ा पीछे उतरता है तो गेंदें कम मिलती हैं, लेकिन इसके बावजूद वह 147 के स्ट्राइक रेट से 199 रन बनाने में कामयाब रहे हैं।

**प्रियांश आर्य-** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ प्रियांश आर्य ने 39 गेंदों में शतक ठोकते हुए कमाल कर दिया था। वह 193 के स्ट्राइक रेट से 347 रन बना चुके हैं।

## मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना




# वीराना बनाने वाले रामसे ब्रदर्स की इंस्पिरेशन थी पृथ्वीराज कपूर की फ्लॉप फिल्म

37 साल पहले तेजाब में अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित की लव स्टोरी जनता के दिल में उतर रही थी। उसी साल हिंदी फिल्म फैन्स को भविष्य के सुपरस्टार्स बनने वाली खान तिकड़ी के पहले स्टार, आमिर खान भी स्क्रीन पर मिले। जूही चावला के साथ उनकी लव स्टोरी कयामत से कयामत तक को ब्लॉकबस्टर कामयाबी लेकर आई। और इसी साल, 1988 में थिएटर्स को एक बहुत अलग, बहुत अनोखी हॉरर फिल्म मिली जिसे आने वाले सालों में कल्ट-क्लासिक का दर्जा मिल गया। फिल्म का नाम था- वीराना। रामसे ब्रदर्स की ट्रेडमार्क फिल्ममेकिंग फैक्ट्री से निकला वो हीरा जिसने जनता में ऐसी पैठ बनाई कि लोग आज भी इसे नहीं भूले हैं। वीराना में भी वही चीजें थीं जो रामसे ब्रदर्स का ट्रेडमार्क थीं- बहुत लिमिटेड बजट, अनजान चेहरे, सेक्स सीन्स, ऑडियंस में सनसनी पैदा करने वाले कपड़ों में नजर आ रही एक्ट्रेस, अचानक से डरा देने वाला भूतिया हॉरर और विचलित कर देने वाला खून-खराबा। मेनस्ट्रीम सिनेमा में हॉरर फिल्मों को बड़ा दर्जा मिलने से पहले, रामसे ब्रदर्स अपने इस बी-ग्रेड कहे जाने वाले सिनेमा से, हॉरर को पॉपुलर बना रहे थे। वीराना और रामसे ब्रदर्स की दूसरी फिल्मों को भले बी-ग्रेड सिनेमा में रखकर ही देखा जाता रहा हो। लेकिन क्या आप जानते हैं कि रामसे ब्रदर्स अपने जिस सिग्नेचर हॉरर को वीराना तक लेकर आए, उसका आईडिया असल में एक सॉलिड मेनस्ट्रीम फिल्म से निकला था जिसके हीरो हिंदी सिनेमा के लेजेंड पृथ्वीराज कपूर थे?

# बॉक्स ऑफिस पर रेड 2 की पकड़ बरकरार, द भूतनी पर भारी पड़ रही थंडरबोल्ट्स



बॉलीवुड, साउथ और हॉलीवुड की कई बड़ी फिल्में इन दिनों सिनेमाघरों में एक-दूसरे से भिड़ रही हैं। अजय देवगन की रेड 2, संजय दत्त की द भूतनी, मार्वल की थंडरबोल्ट्स, अक्षय कुमार की केसरी 2 और साउथ स्टार नानी की हिट 3 बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का ध्यान खींच रही हैं। इनमें से रेड 2 सबसे मजबूत स्थिति में है, जिसने अपनी रिलीज के बाद से लगातार शानदार कमाई की है। आइए जानते हैं कि मंगलवार को इन फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन कैसा रहा।

**रेड 2-** अजय देवगन की क्राइम थ्रिलर रेड 2 ने छठे दिन, यानी मंगलवार को छह करोड़ 75 लाख रुपये की कमाई की। इस फिल्म ने अब तक कुल 85.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। 2018 की हिट फिल्म रेड का सीक्वल होने के कारण दर्शकों में इसे लेकर शुरू से उत्साह था। रितेश देशमुख और वाणी कपूर जैसे सितारों की मौजूदगी ने भी फिल्म को मजबूती दी है। फिल्म की कहानी और अजय की दमदार एक्टिंग दर्शकों को खूब पसंद आ रही है।

**केसरी 2** अक्षय कुमार की केसरी 2 18 अप्रैल से सिनेमाघरों में टिकी हुई है। तीसरे मंगलवार को फिल्म ने 85 लाख रुपये का कलेक्शन किया, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन 82.1 करोड़ रुपये हो गया है। जलियांवाला बाग की घटना पर आधारित इस फिल्म में अक्षय के साथ आर माधवन और अनन्या पांडे की एक्टिंग को दर्शकों ने सराहा है। हालांकि, रेड 2 की रिलीज के बाद इसकी कमाई पर असर पड़ा है, लेकिन यह अभी भी स्थिर गति से आगे बढ़ रही है।

**हिट 3-** साउथ स्टार नानी की हिट 3ः द थर्ड केस बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रही है। मंगलवार को फिल्म ने दो करोड़ 75 लाख रुपये कमाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 58.55 करोड़ रुपये हो गया है। एक्शन और थ्रिलर से भरपूर यह फिल्म साउथ के दर्शकों को पसंद आई है, हालांकि, हिंदी भाषा में यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी है।

**थंडरबोल्ट्स-** मार्वल स्टूडियोज की थंडरबोल्ट्स ने मंगलवार को एक करोड़ 99 लाख रुपये की कमाई की। फिल्म का कुल कलेक्शन अब 15.96 करोड़ रुपये हो गया है। हिंदी समेत कई भाषाओं में रिलीज हुई इस हॉलीवुड फिल्म को एक्शन और साइंस फिक्शन पसंद करने वाले दर्शकों का समर्थन मिल रहा है। हालांकि, भारतीय फिल्मों के मुकाबले इसकी कमाई कम रही है।



## मेट्रो बाजार

# भारत के सेवा क्षेत्र में अप्रैल में दर्ज किया गया मामूली सुधार

**नई दिल्ली।** भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधि में अप्रैल में मामूली सुधार दर्ज किया गया। यह मुख्य रूप से नए ऑर्डर प्रवाह में तेजी से प्रेरित रहा। मंगलवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक अप्रैल में 58.7 रहा जो मार्च में 58.5 पर था। यह आंकड़ा इसके दीर्घकालिक औसत 54.2 से अधिक है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।

एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा,'भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां पिछले महीने की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी हैं। मार्च में राहत मिलने के बाद नए निर्यात ऑर्डर में तेजी आई है, जो जुलाई 2024 के बाद सबसे तेज गति से बढ़ रहे हैं।' उत्पादन में समग्र विस्तार नए व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि से प्रेरित रहा जो आठ महीनों में संयुक्त रूप से सबसे अच्छा था। कई कंपनियों ने अनुकूल मांग की स्थिति और सफल विपणन प्रयासों का उल्लेख किया। इसके अलावा, भारतीय कंपनियों को अपनी सेवाओं के लिए बेहतर अंतरराष्ट्रीय मांग से लाभ मिलना जारी रहा, जिसमें एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका को विशेष रूप से ताकत के स्रोत के रूप में उद्धृत किया गया। कुल मिलाकर, नए निर्यात ऑर्डर जुलाई 2024 के बाद से सबसे तेज गति से बढ़े।



नए ऑर्डर के प्रवाह में तीव्र वृद्धि के कारण भारतीय सेवा कंपनियों ने अप्रैल में लगातार 35 वें महीने अपने कार्यबल की संख्या में वृद्धि की।

# पाकिस्तान को लेकर मूडीज की चेतावनी, पाक अर्थव्यवस्था को लगेगा झटका

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा, जबकि पाकिस्तान के लिए यह आर्थिक रूप से नुकसानदायक हो सकता है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पाकिस्तान की विदेशी मुद्रा पर दबाव बढ़ सकता है और उसकी विकास दर प्रभावित हो सकती है।




मूडीज ने कहा कि भारत-पाक व्यापारिक संबंध बेहद सीमित हैं- भारत के कुल निर्यात में पाकिस्तान की हिस्सेदारी 0.5त्न से भी कम है। इसलिए भारत की आर्थिक गतिविधियों पर इसका कोई बड़ा असर नहीं होगा। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हुई थी। भारत ने इस हमले में पाकिस्तान के तीन नागरिकों सहित पांच आतंकवादियों की पहचान की है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। मूडीज का मानना है कि बढ़ते तनाव से पाकिस्तान के बाहरी वित्तपोषण पर असर पड़ सकता है और उसका विदेशी मुद्रा भंडार, जो पहले से ही सीमित है, और कमजोर हो सकता है। आईएफएम 9 मई को पाकिस्तान के साथ 1.3 अरब डॉलर के जलवायु ऋण के प्रस्ताव की समीक्षा करेगा।

### परवलिया इलाके में हुआ हादसा, वाहन में छह लोग थे सवार

# टैंकर ने वैन में मारी टक्कर, सभी बाल-बाल बचे

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

परवलिया इलाके में मंगलवार की शाम एक तेज रफ्तार टैंकर ने ओमनी वैन को टक्कर मार दी। इस हादसे में वैन क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें सवार परिवार के सभी छह लोग सुरक्षित बच गए। पुलिस ने टक्कर मारने वाले टैंकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार योगेश विश्वकर्मा (31) मोती नगर जिला सागर के रहने वाले हैं। मंगलवार की शाम को वह अपनी ओमनी वैन से ग्राम मुंगालिया छाप से सागर जाने के लिए रवाना हुए थे। वैन में परिवार के कुल छह लोग सवार थे। शाम करीब सवा छह बजे योगेश जैसे ही मुबारकपुर टोल नाका के पास पहुंचे, वैसे ही एक तेज रफ्तार टैंकर के चालक ने उनकी वैन में टक्कर मार दी। इस हादसे में अंदर बैठे किसी व्यक्ति को चोट नहीं लगी, लेकिन वैन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद योगेश ने थाने जाकर टैंकर चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया। पुलिस आरोपी चालक की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल इधर सूखी सेवनिया में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बृजेश मिश्रा (42) अभिनव होम्स अयोध्या नगर में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। सोमवार की शाम करीब साढ़े छह बजे वह हलाली डेम से भोपाल की तरफ लौट रहे थे। ग्राम बालमपुर सूखी सेवनिया स्थित बाबा ढाबा के पास भोपाल की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने सामने से उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बृजेश बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए।




राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल से मिली जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बयान लेने के बाद कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया।

## घर के बाहर टहल रही बुजुर्ग महिला को कार ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान निजी अस्पताल में तोड़ा दम

छोला मंदिर इलाके में घर के बाहर टहल रही एक बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार श्यामबाई पत्नी श्यामलाल अहिरवार (60) शंकर नगर, नगर निगम कालोनी छोला मंदिर में रहती थी और गृहणी थी। रविवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह घर के बाहर टहल रही थी, तभी तेज रफ्तार से आ रही आई-10 कार के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला के सिर और शरीर में गंभीर चोट आई थी। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां मंगलवार सुबह महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। परिजनों और साक्षियों के बयान के बाद पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बाइक पर जा रही महिला के गले से चेन झपटी, पीछा करने में गिरकर हुई घायल

### बेटी के दोस्त के साथ वाशिंग मशीन खरीदने जा रही थीं



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित चिल्ड्रन पार्क के पास बाइक में बैठकर जा रही महिला के गले में झपट्टा मारकर बदमाश सोने की चेन छीनकर भाग निकला। महिला की बेटी के दोस्त ने बाइक से लुटेरे का पीछा किया। तभी असंतुलित होकर महिला चलती गाड़ी से नीचे गिर गई। उनके शरीर में गंभीर चोट लगी है। आरोपी की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक युगान्तर कॉलोनी अवधपुरी निवासी 48 वर्षीय जयंती घोसाल गृहणी हैं। विगत दो मई की शाम वह अपनी बेटी के दोस्त संकेत पडवेकर के साथ बाइक में बैठकर वाशिंग मशीन खरीदने डीबी माल जा रही थीं। शाम करीब सवा 7 बजे चिल्ड्रन पार्क के सामने गोविन्दपुरा पहुंचते ही पीछे से मोटरसाइकिल सवार लुटेरे ने उनके गले में झपट्टा मारकर सोने की चेन छीन ली। महिला ने तुरंत ही संकेत को बताया। वह उसका पीछा करते हुए बीएचईएल गेस्ट हाउस के सामने तक गया। तभी महिला ने संकेत को बाइक से उतारने के लिए कहा। इसी बीच महिला असंतुलित होकर चलती गाड़ी से नीचे गिर गई। उनके हाथ की कलाई और कंधे में चोट आई है। फरियादिया ने बताया कि आरोपी हेलमेट पहने था। वह गाड़ी का नंबर नहीं देख सकीं। लुटेरा अकेला था और गेस्ट हाउस वाले रोड से सरकारी क्वार्टर की ओर भाग निकला।

## बाइक सवार को कुचलने वाले कार चालक पर केस दर्ज

### सागर पब्लिक स्कूल के पास हुआ था हादसा

बागसेवनिया इलाके में एक्सीडेंट में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना के समय युवक बाइक से घर लौट रहा था, तभी कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी। अस्पताल में छह दिनों तक चले इलाज के बाद युवक ने दम तोड़ दिया था। जानकारी के अनुसार देव सैनी उर्फ राहुल पुत्र विजय सैनी (23) मूलतः सोहागपुर जिला नर्मदापुरम का रहने वाला था। फिलहाल वह ग्राम बर्राई कटारा हिल्स में रहता था। बीती 19 मार्च को दोपहर करीब बारह बजे वह अपनी मां हेमलता को बाइक पर बिठाकर तलैया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने गया था। मां को अस्पताल में छोड़ने के बाद शाम करीब चार बजे वह अपनी पल्सर बाईक से अकेले कमरे पर लौट रहा था। सागर पब्लिक स्कूल के पास एक तेज रफ्तार कार के चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे देव सैनी गंभीर रूप से घायल हुआ था। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया था। करीब छह दिनों तक इलाज के बाद 25 मार्च को देव सैनी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी थी। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बाइक फिसलने से हुई किशोर की मौत

बैरसिया इलाके में एक्सीडेंट में हुई एक किशोर की मौत के मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मर्ग जांच के दौरान पता चला कि बाइक फिसलकर सड़क से नीचे जा गिरी थी, जिससे किशोर के सिर में गंभीर चोट आई थी। इसी चोट के कारण किशोर की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार अंकित गौर पुत्र भगवान सिंह गौर (15) ग्राम महुआखेड़ा थाना बैरसिया में रहता था। बीती 29 अप्रैल को दोपहर करीब दो बजे वह बाइक पर बैठकर जा रहा था। बाइक उसका चचेरा भाई चला रहा था। दोनों महुआखेड़ा जोड़ के पास उसकी तेज रफ्तार बाइक अचानक फिसल गई और सड़क से नीचे जाकर गिरी। इस हादसे में अंकित के सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे इलाज के लिए भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां एक मई को उसने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है।



### ज्ञापन



भोपाल। पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर अपराधों पर अंकुश लगाने कांग्रेस नेताओं द्वारा ज्ञापन सोपा गया।

## पीएचई के कर्मचारी से 10 हजार की ठगी

### एटीएम पैसे निकालने गए थे, जहां दो जालसाजों एटीएम बदलकर निकाले पैसे

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

पीएचई में पदस्थ एक कर्मचारी के साथ 10 हजार रुपए की धोखाधड़ी सामने आई है। वह एटीएम पैसे निकालने गए थे, जहां उन्हें दो जालसाज मिले। उसका एटीएम बदलकर उन्होंने 10 हजार रुपए निकाल लिए। मैसेज आने पर ठगी का खुलासा हुआ। इसके बाद उन्होंने बैंक जाकर एटीएम बंद कराया और थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज मामले की जांच में शुरू कर दी है। गौतमनगर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि करोंद निवासी उत्तम सिंह (55) पीएचई में कर्मचारी हैं। सोमवार शाम को वह डीआईजी बंगला चौराहा स्थित एटीएम में 3 हजार रुपए निकालने पहुंचे थे। जहां उनका एटीएम फंस गया। बूथ में मौजूद दो लड़कों ने उन्हें एटीएम निकालने को बोला। मदद के बहाने आरोपियों ने उनका एटीएम बदलकर दूसरा दे दिया। इसके बाद जालसाजों ने दूसरे एटीएम जाकर 10 हजार रुपए निकाल लिए। जब कर्मचारी के मोबाइल पर मैसेज आया तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पुलिस एटीएम ने लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।




## झाड़ियों में मिला भ्रूण, फेंकने वाले की तलाश



**भोपाल।** शाहपुरा क्षेत्र के रघुनाथ नगर में थाने से करीब 500 मीटर दूर झाड़ियों में भ्रूण मिला है। भ्रूण लगभग तीन महीने का बताया जा रहा है लेकिन अब तक भ्रूण फेंकने वाले का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस भ्रूण फेंकने वालों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को संदेह है कि गर्भपात के बाद भ्रूण को फेंका गया है। उधर पुलिस को भ्रूण की जानकारी रायसेन के एक व्यक्ति ने दी। वह शिकायत लेकर थाने आया था। लौटते समय उसने झाड़ियों में भ्रूण देखा और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी लोकेंद्र ठाकुर ने बताया कि आसपास के अस्पतालों में हाल ही में भर्ती हुई गर्भवती महिलाओं की जानकारी निकाली जा रही है।

## टेटवाल ने आईटीआई में किया लैब और गर्ल्स कॉमन रूम का लोकार्पण

**भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने शासकीय संभागीय आईटीआई भोपाल में अत्याधुनिक प्लंबिंग लैब का लोकार्पण किया। जग्वार फाउंडेशन द्वारा लैब की स्थापना 'दक्ष पहल' के अंतर्गत की गई है। लैब में प्लंबिंग व्यवसाय से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों को वो व्यावहारिक अनुभव और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी, जो सीधे-सीधे उन्हें इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार करेगी। यहां महज पाइप जोड़ने या फिटिंग सिखाने तक बात सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को जल प्रबंधन, स्मार्ट फिटिंग्स, सेनेटरी टेक्नोलॉजी और ग्राहक सेवा जैसे पहलुओं से भी जोड़ा जाएगा। लैब में स्थापित उन्नत उपकरणों, आधुनिक टूल्स और इंडस्ट्री ग्रेड इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से न केवल एक वर्षीय प्लंबिंग कोर्स के ट्रेनी लाभान्वित होंगे, बल्कि फिटर, टर्नर और मशीनिस्ट जैसे व्यवसायों में प्रशिक्षण ले रहे अन्य छात्र भी इससे व्यावहारिक रूप से जुड़ सकेंगे। लगभग 20 लाख रु. की लागत से बनी लैब में विद्यार्थी इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसमें बिल्डिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, शहरी विकास, हाउसिंग प्रोजेक्ट्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी से जुड़े प्रोजेक्ट्स में प्लंबिंग की अहम भूमिका पर आधारित आधुनिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह लैब सिर्फ एक कक्षा नहीं, बल्कि युवाओं की आत्म निर्भरता की कार्यशाला है, जहां से निकलने वाले छात्र देश के निर्माण में तकनीकी भूमिका निभा सकेंगे। मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि ये 'उद्योग की मांग और प्रशिक्षण की गुणवत्ता के बीच सेतु' का काम करेगी। मंत्री डॉ. टेटवाल ने दिव्यांग छात्राओं से आत्मीय संवाद किया, बेटियों को बताया समाज की असली शक्ति संभागीय आईटीआई के कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का दिव्यांग छात्राओं से आत्मीय संवाद खास रहा। उन्होंने बेटियों से बातचीत करते हुए कहा कि बेटियां हमेशा से समाज की शक्ति रही हैं और आज जरूरत है कि वे हर क्षेत्र में आगे आएं। मंत्री श्री टेटवाल ने छात्राओं से उनकी पढ़ाई, प्रशिक्षण और जरूरतों के बारे में पूछा और भरोसा दिलाया कि संस्थान में बेटियों के लिए हर जरूरी सुविधा और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बेटियों को कभी खुद को कमजोर नहीं समझना चाहिए, वे किसी से भी कम नहीं हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति की बात करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नदी और बेटियां सदैव पूजनीय रही हैं। उन्होंने कहा कि मनु स्मृति में भी उल्लेख किया गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता। उन्होंने कहा कि बेटियों को सशक्त करना हमारा कर्तव्य भी है और बेटियों का अधिकार भी है। मंत्री श्री टेटवाल ने छात्राओं के साथ अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया और कहा कि जरूरत पड़ने पर वे कभी भी सीधे संपर्क कर सकती हैं। मंत्री श्री टेटवाल को अपने बीच पाकर छात्राएं बेहद प्रसन्न हुईं। उन्होंने उनके साथ फोटो खिंचवाए।

## महिला से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**भोपाल.** तलाकशुदा महिला से दुष्कर्म और गर्भपात करवाने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वारदात में पुलिस ने आरोपी के भाई और उसकी मां को भी आरोपी बनाया। पुलिस ने बताया है पीड़िता प्राइवेट जॉब करती है। कुछ साल पहले उसका तलाक हो गया था। उसकी पहचान आर्किटेक्ट अमन तिवारी से हुई। आरोपी महिला को घुमाने के बहाने एक रिसॉर्ट में ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी सहित भाई और मां पर केस दर्ज कर लिया है।


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना, सूचना निविदा क्रमांक: WCR-CRWS-CAMPING20-25-03**

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** कनवर्जन ऑफ कोचेस इन टू कैंपिंग कोचेस एट सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल। **कार्य की लागत:** रू. 3,72,05,516.60, **निविदा फॉर्म का मूल्य:** 0.00, **धरोहर राशि:** रू. 3,36,100.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह, **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय:** 09.05.2025 / 23.05.2025 को 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय:** 23.05.2025 को 15:30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका/भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

(हस्ता.)
मुख्य कारखाना प्रबंधक,
सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना
निशातपुरा, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## बदमाश जुबेर मौलाना और गुर्गों ने फायरिंग कर वाहनों में की तोड़फोड़


भोपाल, दोपहर मेट्रो।

शहर में एक बार फिर गैंगवार के चलते दो इलाकों में हिस्ट्रीशीटर बदमाश जुबेर मौलाना और उसके गुर्गों ने मंगलवारा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश साद के दो अलग-अलग ठिकानों पर मंगलवार सुबह फायरिंग कर वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। जुबैर मौलाना का साद से पुराना विवाद हुआ था और कुछ महीने पहले ही जेल से छूटकर आया है। बताया जाता है कि दो दिन पहले जुबेर मौलाना का साद से सोशल मीडिया पर विवाद हुआ था। सूत्रों के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 5 बजे जुबेर मौलाना सबसे पहले मंगलवारा थाना क्षेत्र स्थित छावनी में पहुंचा। जहां उसने साद के पुश्तैनी घर के बाहर फायरिंग की और घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की। यहां साद की मां और अन्य रिश्तेदार रहते हैं। इसके बाद बदमाश जुबेर अपने साथियों के साथ करीब 6 बजे टीला जमालपुरा के इंद्रा नगर पहुंचा जहां उसने साद के साले फैसल के घर के बाहर फायरिंग की। वहीं जुबेर मौलाना और गुर्गे फायरिंग करते हुए सीसीटीवी में कैद हो गए।

**दो थानों की पुलिस ने बदमाश पर केस दर्ज किया:** फायरिंग की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर भी पहुंची थी, जहां से कारतूस के खाली खोके भी मिले हैं। मंगलवारा और टीला जमालपुरा पुलिस ने बादमाश जुबेर मौलानापर केस दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि जुबेर मौलाना के खिलाफ दोनों थानों में मामला दर्जकर उसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**छह माह से फरार चल रहा हिस्ट्रीशीटर बदमाश जुबेर:** जिस बदमाश जुबेर मौलाना ने फायरिंग की है वो एक मामले में 6 महीने से फरार है। ऐसे में उसने दो थाना क्षेत्रों में दहशत फैलाने के लिए वारदात को अंजाम दिया है। इन वारदात के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना निशातपुरा**
**नगरीय पुलिस जिला भोपाल (म.प्र.)**
**गुमशुदा / व्यपहृत बालिका की तलाश हेतु**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना निशातपुरा भोपाल के अप.क्र.- 369/25 धारा 137(2) बी एन एस में व्यपहृत बालिका साजिया खान पुत्री अजीज खान उम्र 17 साल 8 माह निवासी- सूर्या नगर थाना निशातपुरा भोपाल के गुमने के संबंध में परिजनो द्वारा रिपोर्ट की गई है। गुमशुदा दिनांक- 6/4/25 के 14-00 बजे से अपने घर से बिना बताये कही चली गई है। जिसका आज दिनांक तक कुछ पता नही चल सका है। गुमशुदा / व्यहपहृत बालिक मूलतः झांसी उ.प्र. की निवासी है। गुमशुदा का हुलिया रंग- सांवला, बदन इकहरा, कद 5 फुट लगभग, गुलाबी रंग का सलवार सूट पहने है। यदि गुमशुदा के संबंध में किसी को कोई जानकारी प्राप्त होती है तो कृपया थाना निशातपुरा भोपाल के मोबाईल नंबर - 7587601924, 9479990461, 7770959119 पर अथवा थाना निशातपुरा भोपाल मे सूचित करने का कष्ट करें।

G-12392/25

थाना प्रभारी थाना निशातपुरा
नगरीय पुलिस जिला भोपाल (म.प्र.)


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022